सतना
28 सितम्बर 2025 रविवार

दैनिक
# मीडियाऑडीटर

सतना, रीवा एवं मनेन्द्रगढ़ से एक साथ प्रकाशित



## आज माँ कालरात्रि का दिन

नवरात्रि का सातवां दिन माँ दुर्गा के रूप माँ कालरात्रि को समर्पित है, जिनकी पूजा करने से जीवन के कष्टों, बाधाओं और नकारात्मक शक्तियों से मुक्ति मिलती है और खुशियाँ आती हैं। इस दिन सच्ची श्रद्धा से उनकी पूजा करने से अकाल मृत्यु का भय समाप्त होता है और सभी सुखों की प्राप्ति होती है।

### माँ कालरात्रि की पूजा का महत्व

**दुष्ट शक्तियों का नाशः** माँ कालरात्रि अंधकार और बुरी शक्तियों का नाश करती हैं, जिससे वातावरण में प्रकाश और सकारात्मकता आती है।

**कष्टों से मुक्तिः** वह भक्तों के जीवन से सभी प्रकार के कष्टों और बाधाओं को दूर करती हैं और उन्हें सुख व समृद्धि प्रदान करती हैं।

**भय का अंत :** इस दिन पूरी श्रद्धा से माँ की आराधना करने से अकाल मृत्यु का भय नहीं रहता और जीवन में स्थिरता आती है।

## राज कुद्रा पर ईडी का शिकंजा, बिटकॉइन घोटाले में आरोपपत्र दाखिल



**मुंबई, एजेंसी।** ईडी ने बिटकॉइन घोटाले में अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के पति और कारोबारी राज कुंद्रा के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया है। इसमें कहा गया है कि वह लेनदेन में केवल मध्यस्थ नहीं बल्कि लाभकारी मालिक थे।

**कुंद्रा के पास 285 बिटक्काइन हैं :**कुंद्रा के पास 285 बिटक्काइन हैं, जिनकी वर्तमान कीमत 150.47 करोड़ रुपये है। कुंद्रा को बिटकॉइन क्रिप्टो घोटाले के दिवंगत मास्टरमाइंड अमित भारद्वाज से प्राप्त हुए थे। आरोपपत्र हाल ही में मनी लांड्रिंग निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की विशेष अदालत में दायर किया गया था।

## मोहन भागवत बोले- संघ की प्रार्थना मातृभूमि के प्रति समर्पण का सामूहिक संकल्प है

**नागपुर, एजेंसी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने शनिवार को कहा कि संगठन की प्रार्थना देश और ईश्वर के प्रति स्वयंसेवकों का सामूहिक संकल्प है। मोहन भागवत ने यह बात संघ की प्रार्थना का ऑडियो जारी करने के मौके पर कही। नागपुर में आयोजित कार्यक्रम में मोहन भागवत ने संघ की प्रार्थना का ऑडियो जारी किया। प्रार्थना को गायक शंकर महादेवन ने गाया है। हिंदी में इसकी व्याख्या हरीश भिमानी और मराठी में अभिनेता सचिन खेड़ेकर ने की है। इस मौके पर भागवत ने कहा, यह भारत माता के प्रति भक्ति, प्रेम और समर्पण की अभिव्यक्ति है। यह प्रार्थना इस बात की है कि हम देश को क्या दे सकते हैं और फिर ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि हमें देश की सेवा करने में मदद करें। उन्होंने कहा कि ऑडियो के माध्यम से यह प्रार्थना अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचेगी।

# गुरुग्राम में डिवाइडर से टकराकर पलटी थार, 5 की मौत

### मरने वालों में यूपी के जज की बेटी भी, हाथों में क्लब के बैंड मिले; 6 लोग सवार थे

**गुरुग्राम, एजेंसी।** हरियाणा के गुरुग्राम में अलसुबह दिल्ली की तरफ से आ रही तेज रफ्तार थार बेकाबू होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गई, जिसमें 5 लोगों की मौत हो गई। हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल है, जिसे मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया है। यूपी नंबर (UP81CS2319) की इस काले रंग की थार में कुल 6 लोग सवार थे, जिनमें तीन युवक और तीन युवतियां थीं। हादसे में दो युवक और तीन युवतियों की मौत हुई है।



वहीं एक मृत युवती की पहचान प्रतिष्ठा मिश्रा के रूप में हुई है जो रायबरेली के जज चंद्रमणि मिश्रा की बेटी हैं। घटना की सूचना मिलते ही गुरुग्राम पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर आगे की जांच शुरू कर दी। वहीं, अभी तक की जांच में एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है जिसमें थार हाईवे पर तेज रफ्तार से निकलती हुई नजर आ रही है।

### मृतकों में तीन यूपी और एक सोनीपत निवासी

इस घटना में मृतकों में तीन लोग उत्तर प्रदेश के रहने वाले थे, जिनमें प्रतिष्ठा मिश्रा (25) रायबरेली और आदित्य प्रताप सिंह (30) व लवनय (26) आगरा के निवासी शामिल हैं। गौतम (31) मूल रूप से सोनीपत, हरियाणा के रहने वाले थे, हालांकि वर्तमान में वह ग्रेटर नोएडा में रहते थे।



बरेली बवाल पर योगी बोले-

# मौलाना भूल गया किसका शासन है, ऐसा सबक सिखाएंगे, तुम्हारी पीढ़ियां दंगे करना भूल जाएंगी

### तौकीर रजा गिरफ्तार

**बरेली, एजेंसी।** यूपी के बरेली में जुमे पर आई लव मोहम्मद को लेकर बवाल के बाद पुलिस एक्शन मोड में आ गई है। इत्तेहादे मिल्लत काउंसिल के अध्यक्ष मौलाना तौकीर रजा समेत 8 लोगों को बरेली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जबकि 39 लोगों को हिरासत में लिया है। इसके अलावा, 2000 अज्ञात लोगों पर 5 थानों में मुकदमे दर्ज किए हैं। वहीं 10 मुकदमों में 7 में तौकीर रजा का नाम है।

इधर, सीएम योगी ने एक कार्यक्रम में कहा- मौलाना भूल गया कि शासन किसका है। वो मानता था कि धमकी देंगे और जबरदस्ती जाम कर देंगे। हमने कहा कि जाम नहीं होगा। कर्फ्यू भी नहीं लगने देंगे। ऐसा सबक सिखाएंगे कि तुम्हारी आने वाली पीढ़ियां दंगा करना भूल जाएंगी।

दरअसल, शुक्रवार मौलाना तौकीर रजा की अपील पर ही भीड़ सड़क पर उतर आई थी। पुलिस ने रोका तो पथराव कर दिया था। इसके पुलिस ने दौड़ा-दौड़ाकर पीटा था।

इधर, लखनऊ की सड़कों पर नए होर्डिंग लगवा दिए गए हैं। इन पर लिखा है- आई लव श्री योगी आदित्यनाथ जी और आई लव बुलडोजर। वहीं, बाराबंकी में देर रात आई लव मोहम्मद के पोस्टर फाड़ने पर हंगामा हो गया। इस दौरान काफी संख्या में पुलिस पहुंच गई और हालात काबू में किया।





### योगी बोले- विकास में बैरियर बनने वालों को उन्हीं की भाषा में जवाब देंगे

बरेली बवाल पर सीएम योगी ने कहा- पर्व और त्योहारों के दौरान आपने देखा होगा कि जब भी पर्व आते थे तब उत्पात शुरू हो जाता था। अब उत्पातियों और उपद्रवियों को पता लगेगा और उन्हें उनकी सात पीढ़ियां याद आएंगी, क्योंकि कभी-कभी लोगों की बुरी आदतें नहीं जाती हैं तो उसके लिए उनकी डेंटिंग पेंटिंग करवानी पड़ती है, जिससे उनकी बुरी आदतें ठीक की जा सकें और यही डेंटिंग पेंटिंग कल आपने बरेली के अंदर देखा होगा। वह मौलाना भूल गया कि शासन किसका है उसे लगता था कि धमकी देंगे और जाम कर देंगे; लेकिन हमने कहा कि न जाम होगा और न ही कर्फ्यू लगेगा, लेकिन कर्फ्यू का सबक तुम्हें ऐसा सिखा देंगे कि तुम्हारी आने वाली पीढ़ी दंगा करना भूल जाएंगी।

ओडिशा को पीएम मोदी ने दी करोड़ों की सौगात, झारसुगुड़ा में कई परियोजनाओं का किया उद्घाटन

# मोदी बोले- कांग्रेस अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रही, हमने टैक्स घटाया; वो अब भी लूट में लगे

### 2जी के दौर भूल गए, जब चुटकुले बनते थे

**भुवनेश्वर, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को ओडिशा के झारसुगुड़ा पहुंचे। उन्होंने जनता को करीब 38 मिनट तक संबोधित किया। इस दौरान पीएम ने आत्मनिर्भर भारत, जीएसटी बचत उत्सव, कांग्रेस शासन में भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों पर बात की।

पीएम ने कहा कि टेलीकॉम सेक्टर की शुरुआत हुई तो भारत पीछे रह गया था। सोशल मीडिया पर चुटकुले चलते थे। जानें क्या-क्या लिखा जाता था। अब भारत स्वदेशी 4जी टेक्नोलॉजी वाला पांचवां देश बन गया है। मोदी ने



कांग्रेस शासित राज्यों में जारी लूटतंत्र का भी जिक्र किया। पीएम ने कहा, केंद्र सरकार ने टैक्स घटा दिया लेकिन हिमाचल में कांग्रेस सरकार जनता तक इसका लाभ नहीं पहुंचा रही है। वे अपना टैक्स लगाकर लूट में लगे हैं। अभी भी हरकत से बाज नहीं आ रहे।

प्रधानमंत्री का 15 महीनों में छठा ओडिशा दौरा था। उन्होंने 60 हजार करोड़ रुपए के कई बड़े रेल, एजुकेशन और हेल्थ प्रोजेक्ट्स की शुरुआत की। साथ ही BSNL के स्वदेशी 4जी टेक्नोलॉजी की शुरुआत की।

**कांग्रेस अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रही है कांग्रेस :**अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रही है। उनकी सरकारें आपको लूटने में जुटी है। मेरे पास सबूत है। हमने देश के लोगों को लाभ हो देने के लिए टैक्स कम किया, सीमेंट से भी टैक्स घटा। हमारा मकसद था लोगों को घर बनाने में कम पैसा खर्च करना पड़े। 22 सितंबर के बाद बयानबाजी करने वालों की करतूत देखिए। हिमाचल में कांग्रेस की सरकार है वहां वे आम जनता को सुख देना नहीं चाहते। उन्होंने अपना एक नया ही टैक्स लगा दिया। भारत सरकार की तरफ से जो फायदा दिया जा रहा था वे दीवार बनकर लूट में लगे हैं।

### भाजपा गरीबों को सशक्त करने वाली सरकार

भाजपा सरकार गरीब की सेवा करने वाली गरीब को सशक्त करने वाली सरकार है। हमारा पूरा जोर गरीबों को दलितों को पिछड़ों को आदिवासियों को मूल सुविधाएं पहुंचाने पर है। आज इस कार्यक्रम में हम इसके साक्षी बन रहे हैं। मुझे अभी यहां अंत्योदय योजना लाभार्थियों को सर्टिफिकेट देने का मौका मिला। एक गरीब परिवार को पक्का घर मिलता है तो वर्तमान के साथ भावी पीढ़ियों का जीवन भी आसान हो जाता है। 4 करोड़ परिवारों को पक्का घर दे चुकी है। ओडिशा में भी तेजी से काम चल रहा है।

### देश को कांग्रेस के लूट तंत्र से बाहर निकाला

हमने देश को कांग्रेस के लूट तंत्र से बाहर निकाला। भाजपा सरकार में डबल बचत और डबल कमाई का दौर आया है। कांग्रेस सरकार में 2 लाख की कमाई तक इनकम टैक्स देना पड़ता था। ये 2014 तक चलाया। जब आपने मुझे सेवा का मौका दिया तब हमने 12 लाख की सालाना कमाई टैक्स फ्री की। 22 सितंबर से देश में ओडिशा में जीएसटी के नए रिफॉर्म लागू हुए। इन सुधारों में आप सभी को जीएसटी बचत उत्सव का उपहार दिया है। माताओं के लिए रसोई चलाना और सस्ता हो गया है। जरूरत के दाम और कम हो गए।

### ओडिशा डबल इंजन की रतार से बढ़ रहा

साथियों इस समय नवरात्रि का पर्व चल रहा है। ऐसे दिनों में मुझे मां रामोचंडी की इस भूमि पर आपके दर्शन का सौभाग्य मिला है। यहां माताएं बहने भी आई हैं। आपका आशीर्वाद ही हमारी शक्ति है। जनता को नमन करता हूं। डेढ़ साल पहले विधानसभा चुनाव में ओडिशा के आप लोगों ने एक नए संकल्प के साथ आगे बढ़ने का प्रण लिया था। ये संकल्प था विकसित ओडिशा, आज हम देख रहे हैं ओडिशा डबल इंजन की रफ्तार से बढ़ रहा है। आज फिर एक बार ओडिशा के विकास के लिए देश के विकास के लिए हजारों करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट का काम शुरू हुआ।

राजस्थान-म.प्र. में 4 दिन तेज बारिश का अलर्ट

# हैदराबाद में मूसी नदी ओवरफ्लो कॉलोनियां डूबीं; बस स्टैंड में पानी भरा

**शिमला/जयपुर/दिल्ली,एजेंसी।** राजस्थान में शुक्रवार को मानसून अपने तय समय से 4 दिन पहले विदा हो गया। मध्य प्रदेश के 11 जिलों से मानसून की वापसी हो गई है। हालांकि, दोनों राज्यों में बारिश का दौर अभी जारी रहेगा। मौसम विभाग ने दोनों राज्यों में शनिवार से 30 सितंबर तक तेज बारिश का अलर्ट जारी किया है।

तेलंगाना के कई हिस्सों में शुक्रवार से मूसलाधार बारिश जारी है। हैदराबाद में रात भर मूसलाधार बारिश के कारण शहर के कई हिस्सों में 2-3 फीट तक पानी भर गया। अधिकारियों ने हिमायत सागर



जलाशय के गेट खोल दिए, जिससे हालात और बिगड़ गए। चादरघाट के पास मूसी नदी उफान पर आ गई। नदी के आसपास, निचले इलाके डूब गए। नदी किनारे बने मकान पहली मंजिल तक पानी में डूब गए। कई कॉलोनियां जलमग्न हैं। हैदराबाद के महात्मा गांधी बस स्टैंड (MGBS) में भी पानी भर गया। बसों का संचालन बंद है।

हैदराबाद में सड़कों पर पानी भरने से गाड़ियों की लंबी कतारें लगी हैं। कई इलाकों में सुबह से ट्रैफिक जाम लगा है। ऑफिस जाने वालों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# सीएम भजनलाल बोले-पहले टेलीफोन कनेक्शन सिफारिश या रिश्वत से मिलता था

### कांग्रेस घोटालों ने देश को टेलीकॉम में पीछे धकेला; मोदी राज में कम्युनिकेशन में क्रांति आई है

**जयपुर,एजेंसी।** सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि एक वक्त था जब टेलीफोन बड़ी सिफारिश से मिलता था। इसके कनेक्शन के लिए वेटिंग और रिश्वत पहचान बन गई थी। सांसदों का सिफारिशी- पत्र देते थे, तब कनेक्शन मिलता था। अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आप देखते हैं कि अप्लाई करने के 2 घंटे बाद ही टेलीफोन कनेक्शन मिल जाता है। सीएम भजनलाल शर्मा सीतापुरा के जेईसीसी में बीएसएनएल के 4प्रतिशत नेटवर्क के लोकार्पण के



समारोह में बोल रहे थे।

**कांग्रेस के घोटाला से बीएसएनएल को नुकसान हुआ था :**सीएम ने कहा- गांधी जयंती से एक दिन पहले 1 अक्टूबर 2000 को बीएसएनल ने काम शुरू किया था। एक समय था, जब बीएसएनल दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल ऑपरेटर और सबसे बड़ा ब्रॉड ब्रांड सेवा देने वाला था।

ग्रामीण इलाकों में सबसे बढ़िया पहुंच बीएसएनल की थी लेकिन यूपीए सरकार ने इसे घोटाले की भेंट चढ़ा दिया था। पारदर्शिता की धज्जियां उड़ा दी थी। सीएजी की रिपोर्ट के अनुसार कांग्रेस की यूपीए सरकार ने लाखों करोड़ का घोटाला किया, इससे बीएसएनएल को भारी नुकसान हुआ।

**वाजपेयी सरकार ने टेलिकॉम में मॉडनिटी को अपनाया था :**सीएम ने कहा- 90 के दशक में जब दुनिया इंटरनेट से जुड़ रही थी, भारत में डायल अप इंटरनेट भी काफी देरी से आया। आपने देखा होगा, उससे पहले देश में दूरसंचार विभाग में कितना बड़ा घोटाला हुआ। वह भी आप सब जानते हैं। दूरसंचार में सबसे आगे निकल सकते थे लेकिन उसमें कांग्रेस की सरकार ने घोटाला करके पीछे धकेल दिया। यह कांग्रेस की सरकार ने किया।



हरियाणा में 20 हजार गर्भवतियों पर नजर रखी जाएगी

# जिनके पास लड़का नहीं, उनकी लिस्ट बनी; लिंगानुपात सुधारने के लिए सरकार का प्लान

**पंचकूला, एजेंसी।** हरियाणा में लिंगानुपात पिछले साल के मुकाबले घटा है। साल 2024 में जहां लिंगानुपात 907 था, जो अब गिरकर 905 रह गया है। यानी 1000 लड़कों के जन्म के पीछे 905 लड़कियां ही पैदा हो रही हैं। लिंगानुपात को सुधारने के लिए ही प्रदेश सरकार ने गर्भवतियों का रजिस्ट्रेशन जरूरी किया था। अब प्रदेश में 20 हजार से अधिक ऐसी गर्भवती आइडेंटिफाई की हैं, जिनके पास संतान के तौर पर लड़का नहीं है। ऐसी महिलाओं पर विभाग विशेष नजर रख रहा है। नेशनल हेल्थ मिशन ने अवैध गर्भपात पर अंकुश लगाने के लिए एक नई स्ट्रेटजी अपनाई है। जिसके तहत प्रदेश में उन गर्भवती की लिस्ट तैयार की गई है, जिनको अब तक किसी लड़के संतान की प्राप्ति नहीं हुई है, क्योंकि बिना लड़के वाली गर्भवती और उसके परिजनों की लड़के की चाह में अवैध गर्भपात के लिए प्राइवेट अस्पतालों का रुख करने की संभावना ज्यादा रहती है। इसी को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने ग्रामीण और अर्बन नोटिफाइड स्लम एरिया में रहने वाली बिना लड़के संतान वाली 20 हजार से ज्यादा गर्भवती और परिवार की पहचान की है। इन पर आशा और आंगनबाड़ी वर्कर नजर रखेंगी। प्रदेश के नेशनल हेल्थ मिशन से प्राप्त डेटा के अनुसार बिना लड़के या केवल लड़की संतान वाली गर्भवतियों की संख्या सबसे ज्यादा जींद जिले में है। हिसार व रोहतक में भी विशेष निगरानी रखी जाएगी।

**6 माह तक चला अभियानः** हरियाणा में आशा और आंगनवाड़ी वर्कर को गर्भवती पहचानने का जिम्मा सौंपा गया। विभाग द्वारा शुरू की गई मुहिम में 6 महीने की अवधि में हरियाणा की कुल 54,868 गर्भवतियों की पहचान हुई। जिनमें से 20,722 ऐसी गर्भवती हैं, जिनके पास पहले कोई लड़का संतान नहीं है। बिन लड़के संतान वाली या कहें कि केवल लड़की संतान वाली गर्भवती महिलाओं की लड़के की चाह में भ्रूण लिंग जांच करवाने और अवैध गर्भपात की संभावना ज्यादा रहती है। जिस पर अंकुश लगाने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने ऐसा कदम उठाया।

### फील्ड में उतरीं 18 हजार आशा वर्कर

बिन लड़के संतान वाली गर्भवतियों की पहचान करने के रणनीति को अमली जामा पहनाने के लिए आशा वर्कर और आंगनवाड़ी वर्कर की ड्यूटी लगाई गई। जिसके तहत ग्रामीण और अर्बन नोटिफाइड स्लम एरिया की हरियाणा की करीब ढाई करोड़ आबादी को कवर किया गया। ग्रामीण एरिया में करीब 18,000 आशा वर्कर ने 1.80 करोड़ आबादी को कवर किया और बिना लड़के संतान वाली गर्भवती महिलाओं की पहचान की। वहीं अर्बन नोटिफाई स्लम एरिया में 2905 आशा वर्कर ने 72.62 लाख पापुलेशन को कवर किया। आशा और आंगनवाड़ी वर्कर ने हरियाणा की 2.53 करोड़ पॉपुलेशन को कवर किया।

## कानपुर मंडल में मानसूनी हवाओं की वापसी उमस बढ़ने के आसार, आसमान पर छाए बादल; शाम तक हल्की बारिश की संभावना

**कानपुर, एजेंसी।** कानपुर मंडल में मौसम ने एक बार फिर करवट ली है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार कल यानि शुक्रवार की रात से दक्षिण-पश्चिमी मानसूनी हवाएं एक बार फिर सक्रिय हो जाएंगी, जिससे क्षेत्र में उमस और अधिक बढ़ने की संभावना है।

हालांकि तापमान में कोई खास गिरावट नहीं आएगी, बल्कि दो दिनों के अंदर दो डिग्री पारा बढ़ गया है। वातावरण में नमी के चलते लोगों को गर्मी और चिपचिपाहट का एहसास अधिक हो सकता है।

**शाम तक हो सकती हल्की बूंदाबांदी:** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के वरिष्ठ मौसम विशेषज्ञ डॉ. एसएन सुनील पांडेय ने बताया कि शाम तक हल्की बूंदाबांदी या बौछारों की संभावना जताई गई है।

वहीं, आज यानी 27 सितंबर को भी बादलों की आवाजाही बनी रह सकती है और धूप की तीव्रता में थोड़ी कमी दर्ज की जा सकती है। अगले कुछ दिनों तक नरम धूप और भारी उमस लोगों को परेशान कर सकती है।

**2 डिग्री पारा चढ़ा:** मौसम विशेषज्ञ डॉ. पांडेय ने बताया कि शुक्रवार को अधिकतम तापमान 36.1 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 26.3 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। हवा की गति 1 से 10 किलोमीटर प्रति घंटे के बीच रही और दिशा उत्तर-पश्चिमी रही।

24 सितंबर को अधिकतम तापमान 34.9 डिग्री सेल्सियस, 25 सितंबर को 34.3 डिग्री सेल्सियस और 26 सितंबर को 36.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था।

**हीट इंडेक्स बढ़ेगी:** सबसे चिंता की बात है कि वातावरण में आर्द्रता बढ़ने से हीट इंडेक्स 55 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है, जो मानव स्वास्थ्य के लिए बेहद नुकसानदायक माना जाता है।

विशेषज्ञों का कहना है कि यह स्थिति थकान, चक्कर, डिहाइड्रेशन जैसी समस्याओं को जन्म दे सकती है। लोगों को सलाह दी गई है कि गर्मी और उमस से बचने के लिए उचित सावधानी बरतें, पानी का अधिक सेवन करें और आवश्यक न हो तो दोपहर के समय बाहर निकलने से बचें।

## नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़ का प्रयास :अनपरा पुलिस से शिकायत, आरोपी परिवार दे रहा धमकी

**सोनभद्र, एजेंसी।** सोनभद्र के अनपरा में एक नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। पीड़िता ने अनपरा थाने में शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें उसने आरोपी और उसके परिवार द्वारा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार, यह घटना अनपरा थाना क्षेत्र के टैगोर नगर में हुई। पीड़िता, जो कक्षा 9 की छात्रा है, ने बताया कि टैगोर नगर के नूरिया मोहल्ला निवासी मोहम्मद सलमान पुत्र सिराज मोहम्मद उर्फ सदल महीनों से उसके साथ छेड़छाड़ करता आ रहा है। हाल ही में, जब छात्रा कुछ सामान लेने बाजार जा रही थी, तभी आरोपी मोहम्मद सलमान ने उसका पीछा करना शुरू कर दिया और उस पर अश्लील फब्तियां कसीं। जब छात्रा ने इसका विरोध किया, तो उसने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। शोरगुल होने पर और पकड़े जाने के डर से आरोपी मौके से फरार हो गया। छात्रा ने पहले इस घटना की शिकायत आरोपी युवक के घरवालों से की, लेकिन उन्होंने लड़ाई-झगड़े पर उतारू होकर कोई सहयोग नहीं किया। इसके बाद छात्रा ने अनपरा पुलिस को एक शिकायती प्रार्थना पत्र दिया। पुलिस में शिकायत दर्ज कराने के बाद से आरोपी और उसके परिजन लगातार पीड़िता और उसके परिवार को जान-माल की धमकी दे रहे हैं। इससे पीड़ित परिवार काफी दहशत में है। शुक्रवार देर शाम छात्रा और उसके परिजनों ने अनपरा थाने पहुंचकर उचित कार्रवाई की मांग की है। अनपरा थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले मे तहरीर मिली है जांच की जा रही है

## सुप्रीम कोर्ट से ट्रंप को राहत, फंडिंग पर रोक का फैसला बरकरार रखा; अरबों डॉलर की विदेशी मदद पर संकट

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट से राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को राहत मिली है। अदालत ने ट्रंप प्रशासन को लगभग 5 अरब डॉलर की विदेशी सहायता पर रोक लगाने के आदेश को आगे बढ़ा दिया है। यह कदम राष्ट्रपति पद के अधिकारों को लेकर चल रहे विवाद में ट्रंप को एक और बड़ी जीत दिलाता है।

अदालत के रूढ़िवादी बहुमत ने शुक्रवार (स्थानीय समयानुसार) को कांग्रेस द्वारा स्वीकृत अरबों डॉलर की सहायता से जुड़े एक मामले में रिपब्लिकन प्रशासन की आपातकालीन अपील को स्वीकार कर लिया। हालांकि, तीन उदारवादी न्यायाधीशों ने इसका विरोध किया। ट्रंप ने पिछले महीने कहा था कि वह यह पैसा खर्च नहीं करेंगे। उन्होंने करीब 50 साल पहले इस्तेमाल की गई विवादित सांविधानिक शक्ति का हवाला दिया।

अमेरिकी जिला न्यायाधीश आमिर अली ने ट्रंप के फैसले को अवैध करार दिया था और कहा था कि फंडिंग रोकने के लिए कांग्रेस की मंजूरी जरूरी है। इस न्याय विभाग ने उच्च न्यायालय से हस्तक्षेप की मांग की। हालांकि, वाशिंगटन स्थित संघीय अपील अदालत ने भी न्यायाधीश अली के फैसले पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। लेकिन मुख्य न्यायाधीश जॉन रॉबर्ट्स ने 9 सितंबर को आदेश पर अस्थायी रोक लगा दी, जिसे अब पूर्ण न्यायालय ने अनिश्चितकाल तक बढ़ा दिया है। यह पहली बार नहीं है जब सुप्रीम कोर्ट ने ट्रंप को राहत दी है। पहले भी कोर्ट ने आपातकालीन अपीलों पर ही प्रवासियों की सुरक्षा खत्म करने, हजारों संघीय कर्मचारियों को हटाने, ट्रांसजेंडर सैनिकों को सेना से निकालने और स्वतंत्र सरकारी एजेंसियों के प्रमुखों को हटाने की अनुमति दी थी। हालांकि ये सभी कानूनी जीतें अंतिम फैसला नहीं हैं।

राष्ट्रपति ट्रंप ने 28 अगस्त को हाउस स्पीकर माइक जॉनसन को पत्र लिखकर कहा था कि वह 4.9 अरब डॉलर की कांग्रेस से मंजूर विदेशी मदद खर्च नहीं करेंगे।

## लिंग विविधता पर शिक्षा फंडिंग रोकने की धमकी

**पोर्टलैंड, एजेंसी।** अमेरिका के 16 राज्यों और डिस्ट्रिक्ट ऑफ कोलंबिया ने ट्रंप प्रशासन के खिलाफ संघीय अदालत में मुकदमा दायर किया है। इन राज्यों का आरोप है कि स्वास्थ्य और मानव सेवा विभाग (एचएचएस) ने यौन शिक्षा कार्यक्रमों से जेंडर विविधता से जुड़े विषयों को हटाने का दबाव डाला और ऐसा न करने पर फंडिंग रोकने की धमकी दी, जो संघीय कानून का उल्लंघन है। शुक्रवार को ओरेगन की संघीय अदालत में दाखिल की गई याचिका में कहा गया है कि विभाग का यह कदम पूरी तरह से जेंडर डाइवर्स और ट्रांसजेंडर युवाओं को शिक्षा से बाहर करने की कोशिश है। जनवरी में ट्रंप के दोबारा राष्ट्रपति बनने के बाद उनकी सरकार लोगों को केवल पुरुष या महिला के रूप में मान्यता देने की दिशा में कदम उठा रही है।

एचएचएस चाहता है कि पर्सनल रिस्पॉन्सिबिलिटी एजुकेशन प्रोग्राम (पीआरईपी) और टाइटल वी सेक्सुअल रिस्क अवॉइडेंस एजुकेशन (एसआरएई) जैसे कार्यक्रमों में लिंग विचारधारा से जुड़े विषय न पढ़ाए जाएं। ये फंड मुख्य रूप से किशोरों को गर्भधारण रोकने और यौन संचारित रोगों (एसटीआई) की रोकथाम के लिए संयम और गर्भनिरोधक से संबंधित शिक्षा देने में उपयोग होते हैं।

**क्या है राज्यों का तक:** इस मामले में याचिकाकर्ताओं का कहना है कि एचएचएस की यह शर्तें संघीय कानून, शक्तियों के विभाजन और कांग्रेस के अधिकारों का उल्लंघन हैं। अगर यह फंडिंग रोक दी गई। तो 16 राज्यों को कम से कम 35 मिलियन डॉलर (करीब 290 करोड़ रुपये) का नुकसान होगा।

# ब्रिक्स विदेश मंत्रियों की बैठक में शामिल हुए जयशंकर, शांति; कूटनीति और सतत विकास पर दिया जोर




**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** विदेश मंत्री एस जयशंकर इन दिनों अमेरिका के दौरे पर हैं। इस दौरान उन्होंने न्यूयॉर्क में ब्रिक्स विदेश मंत्रियों की बैठक की मेजबानी की। इस दौरान जयशंकर ने कहा कि दुनिया इस समय अशांत है, कई देश युद्ध में उलझे हुए हैं ऐसे में ब्रिक्स को शांति निर्माण, संवाद, कूटनीति और अंतरराष्ट्रीय कानूनों का पालन करने के लिए मजबूती से काम करना होगा। अपने संबोधन के दौरान उन्होंने बढ़ते संरक्षणवाद, टैरिफ अस्थिरता और गैर-टैरिफ बाधाओं के कारण व्यापार पर पड़ रहे असर पर भी बात की। उन्होंने कहा कि इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए वर्तमान में बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली की रक्षा की आवश्यकता है। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने न्यूयॉर्क में ब्रिक्स विदेश मंत्रियों की बैठक में वैश्विक चुनौतियों और बहुपक्षीय सहयोग की अहमियत पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत की अध्यक्षता में संगठन शांति, सतत विकास और वैश्विक व्यापार प्रणाली की रक्षा पर केंद्रित रहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि हम खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा, जलवायु परिवर्तन, सतत विकास को डिजिटल ट्रांसफ़ॉर्मेशन, स्टार्टअप, नवाचार और मजबूत विकास साझेदारी के माध्यम से बढ़ावा देना, जैसे मुद्दों पर भी काम करेंगे।

**मंत्री सर्गेई लावरोव के साथ भी की बैठक:** वहीं, इस दौरान विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के साथ न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा के 80वें सत्र के उच्च स्तरीय सप्ताह के दौरान बैठक की। भारत में रूसी दूतावास ने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी।

**जयशंकर का जी-4 देशों के साथ सुरक्षा परिषद में सुधारों पर जोर:** इससे पहले, संयुक्त राष्ट्र महासभा के 80वें सत्र से इतर विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने जी-4 विदेश मंत्रियों की बैठक में जापान, जर्मनी और ब्राजील के अपने समकक्षों से बातचीत की। इस दौरान संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार के लिए चारों देशों ने अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता दोहराई।

जयशंकर ने कहा कि विदेश मंत्रियों ने सुरक्षा परिषद के विस्तार पर जोर दिया और चल रही अंतर-सरकारी वार्ता (आईजीएन) प्रक्रिया का आकलन भी किया। भारत के विदेश मंत्री ने एक्स पर लिखा, आज न्यूयॉर्क में अपने सहयोगियों ताकेशी इवाया, जोहान वेडफुल और मौरो विएरा के साथ जी-4 विदेश मंत्रियों की बैठक में शामिल होकर प्रसन्नता हुई। जी-4 ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद सहित संयुक्त राष्ट्र में सुधार के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। इसने अंतर-सरकारी वार्ता प्रक्रिया की वर्तमान स्थिति का भी आकलन किया। इससे पहले जयशंकर ने महासभा के 80वें सत्र और जी-20 विदेश मंत्रियों की बैठक से इतर कई द्विपक्षीय बैठकों में खासकर हिस्सा लिया।

**इटली का भारत-ईयू में एफटीए को समर्थन:** इटली के उप-प्रधानमंत्री एंटोनियो तजानी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा सत्र के दौरान विदेश मंत्री एस. जयशंकर और वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल से मिलकर भारत-यूरोपीय संघ (ईयू) में मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को अंतिम रूप देने की प्रतिबद्धता जताई। तजानी ने इस मुलाकात को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि वह आगामी महीनों में भारत का दौरा करेंगे। उन्होंने कहा, भारत-इटली के बीच रणनीतिक, राजनीतिक और आर्थिक साझेदारी है जिसे हम और मजबूत करने का इरादा की।

## बड़ा भाई बना हैवान, छोटे भाई की गला दबाकर की हत्या, आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार





**बिजनौर, एजेंसी।** धामपुर के मोहल्ला पहाड़ी दरवाजा में शुक्रवार रात बड़ा भाई अपने छोटे भाई का दुश्मन बन बैठा। शराब के नशे में हुए झगड़े के बाद बड़े भाई रवि ने 26 वर्षीय दिव्यांग मोनू की गला दबाकर हत्या कर दी। मृतक का शव सुबह कमरे में पड़ा मिला तो सनसनी फैल गई। आरोपी मौके से वारदात को अंजाम देकर फरार हो गया। लेकिन बाद में पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है । घटना की बाबत पूछताछ की जा रही है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

मोहल्ला पहाड़ी दरवाजा में उसे समय सनसनी फैल गई। जब शुक्रवार की रात नशे की हालत में दो भाइयों के बीच झगड़ा हो गया। और झगड़े में बड़े भाई ने छोटे भाई का गला घोट कर हत्या कर दी और मौके से फरार हो गया।

मृतक मोनू की बहन आरती देवी ने बताया कि मृतक मोनू पांच भाइयों में चौथे नंबर का था। पुश्तैनी घर में उसका बड़ा भाई रवि सैनी दूसरी मंजिल पर रहता है । जबकि मृतक मोनू सैनी ग्राउंड फ्लोर पर रहता था। मोनू की अभी शादी नहीं हुई थी । वह अविवाहित था। वह दाहिने पैर से पोलियो ग्रस्त था। टेलरिंग का काम करता था। जबकि आरोपी रवि हलवाईगिरी का काम करता है।

बताया गया कि शुक्रवार की देर रात को किसी बात को लेकर दोनों भाइयों के बीच आपस में झगड़ा हो गया। जिसमें रवि ने अपने छोटे भाई मोनू हत्या कर दी। उन्हें घटना का पता शनिवार सवेरे लगा। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक युवक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

मृतक की मौसी ममता देवी ने बताया कि दोनों भाइयों में आपस में बनती नहीं थी। दोनों शराब के आदी थे। नशे की हालत में अक्सर झगड़ा करते रहते थे। उनके साथ उनके चाचा छोटे सिंह भी रहते हैं। आरोप है कि उन्होंने चाचा छोटे सिंह को भी मारपीट का दुखी कर रखा है।छोटे सिंह भी अविवाहित हैं। वह कलह की वजह से उनके पास रहना पसंद नहीं करते। अपना इधर-उधर रहकर जीवन बिता रहे हैं। मृतक मोनू के अन्य तीन भाई सोनू अहमदाबाद में काम करता है, बाकी अन्य राहुल और चिंटू भी बाहर रहकर मेहनत मजदूरी करते हैं। आरोपी रवि के कोई संतान नहीं है। उसने 5 साल पहले एक पुत्री को गोद ले रखा है।

मृतक की आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर थी। एक छोटे से मकान में पूरा परिवार निवास करता है। मृतक के गले और सीने पर चोट के निशान देखे गए हैं। सूचना पाकर फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई है।

## बेटे के प्यार में मां बनी शूटर्स की मददगार युवक के घर पर चलवाई गोलियां

**मोगा (पंजाब), एजेंसी।** मोगा पुलिस ने सात सितंबर को गांव मानुके में हुई फायरिंग की वारदात का पर्दाफाश कर दिया है। पुलिस ने महिला सहित तीन शूटर्स को गिरफ्तार किया है, जबकि मुख्य साजिशकर्ता फरार है। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक पिस्टल और एक मोटरसाइकिल भी बरामद की है।

एसपी (डी) बालकृषण सिंगला ने बताया कि सात सितंबर को गांव मानुके में पुरानी रंजिश के चलते जसकरणदीप सिंह के घर पर तीन अज्ञात मोटरसाइकिल सवारों ने फायरिंग की थी। पीड़ित के बयान पर थाना निहाल सिंह वाला में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान सीआईए स्टाफ मोगा और थाना निहाल सिंह वाला पुलिस ने 25 सितंबर को घटना में शामिल तीन शूटरों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान जितवीर सिंह, प्रीतपाल सिंह और रुपिंदर सिंह (निवासी लुधियाना) के रूप में हुई है। इनके कब्जे से एक पिस्टल और वारदात में इस्तेमाल मोटरसाइकिल बरामद की है।

पूछताछ में खुलासा हुआ कि गांव धूरकोट निवासी सुखदीप सिंह ने पुरानी रंजिश के चलते जसकरणदीप सिंह की हत्या की साजिश रची थी। सुखदीप सिंह की माता सर्बजीत कौर ने पहले रेकी की और शूटरों को अपने घर पर ठहराया। बाद में जसकरणदीप सिंह के घर की पहचान करवाई, जिसके बाद शूटरों ने फायरिंग की। गिरफ्तार तीनों शूटरों की उम्र लगभग 21-22 वर्ष है। उन्हें विदेश भेजने का लालच देकर वारदात को अंजाम दिलवाया गया।

पुलिस ने मुख्य आरोपी सुखदीप सिंह की मां सर्बजीत कौर को भी गिरफ्तार कर लिया है। सुखदीप सिंह फिलहाल फरार है और उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। उसके खिलाफ पहले से तीन आपराधिक मामले दर्ज हैं। सुखदीप सिंह के साथ गैंगस्टर जग्गा धूरकोट और नीला बधनी के साथ संबंध है।

## जिस केस को लेकर ट्रंप पर हमलावर थे मस्क, उसमें आया खुद का नाम तो सिर्फ तीन शब्द का दे सके जवाब



**वॉशिंगटन, एजेंसी।** टेस्ला और स्पेसएक्स के प्रमुख एलन मस्क का नाम अमेरिका के कुख्यात फाइनेंसर और यौन शोषण के दोषी जेफरी एपस्टीन से जुड़े नए दस्तावेजों में सामने आया है। इन दस्तावेजों को एपस्टीन की संपत्ति के प्रबंधकों ने अमेरिकी हाउस ओवरसाइट कमेटी को सौंपा है। इनमें फ्लाइट मैनिफेस्ट (उड़ान की सूची), फोन कॉल लॉग्स, और मीटिंग शेड्यूल शामिल हैं। इनमें दुनिया के कई ताकतवर लोगों के नाम दर्ज हैं, जिनमें ब्रिटेन के प्रिंस एंड्रयू, डोनाल्ड ट्रंप के पूर्व सलाहकार स्टीव बैनन, और पे-पाल के सह-संस्थापक पीटर थील जैसे बड़े नाम शामिल हैं।

**मस्क के नाम पर 2014 की एंट्री:** दस्तावेजों में 6 दिसंबर 2014 की एक एंट्री बेहद चौंकाने वाली है। इसमें लिखा गया है, याद दिलाना- एलन मस्क का 6 दिसंबर को द्वीप पर आने का कार्यक्रम है (क्या यह अभी भी तय है?)। यह एंट्री संकेत देती है कि एलन मस्क को एपस्टीन के प्राइवेट आइलैंड लिटिल सेंट जेम्स पर आने का निमंत्रण दिया गया था। इसके अलावा दस्तावेजों में यह भी दर्ज है कि 2017 में पीटर थील के साथ मस्क की लंच मीटिंग तय थी। 2019 में स्टीव बैनन के साथ ब्रेकफास्ट मीटिंग का प्लान था।

**प्रिंस एंड्रयू का नाम भी दर्ज:** 2000 के एक पुराने फ्लाइट मैनिफेस्ट में यह दर्ज है कि प्रिंस एंड्रयू, एपस्टीन और गिसलेन मैक्सवेल के साथ न्यू जर्सी से फ्लोरिडा तक एक ही फ्लाइट में यात्रा कर रहे थे। प्रिंस एंड्रयू पर पहले भी एपस्टीन मामले में आरोप लग चुके हैं।

**मस्क का तीन शब्दों का जवाब:** जब ये दस्तावेज सार्वजनिक हुए और उनका नाम सामने आया, तो एलन मस्क ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बेहद छोटा लेकिन सीधा जवाब दिया। उन्होंने सिर्फ तीन शब्द लिखे- यह गलत है।

**ट्रंप पर मस्क के पुराने आरोप:** बता दे कि कुछ महीने पहले मस्क ने खुद डोनाल्ड ट्रंप पर एपस्टीन मामले में शामिल होने का आरोप लगाया था। जून में उन्होंने एक पोस्ट किया था, अब बड़ा सच सामने लाने का समय है। डोनाल्ड ट्रंप एपस्टीन फाइल्स में हैं। यही असली वजह है कि ये फाइलें सार्वजनिक नहीं की गई हैं। हालांकि, बाद में मस्क ने यह पोस्ट डिलीट कर दिया। इसके बाद भी वे लगातार यह सवाल उठाते रहे कि, अगर कोई क्लाइंट ही नहीं था।

## कनाडा में भारत विरोधी गोसल को मिली जमानत, छूटते ही उगला जहर; बोला- पन्नू का समर्थन करने बाहर आया हूं

**टोरंटो ,एजेंसी।** प्रतिबंधित सिख्स फॉर जस्टिस (एसएफजे) से जुड़े खालिस्तानी इंद्रजीत सिंह गोसल ने कनाडा में जमानत पर रिहा होते ही भारत के खिलाफ जहर उगला है। उसने भारत को संबोधित करते हुए कहा- भारत, मैं गुरपतवंत सिंह पन्नू का समर्थन करने, 23 नवंबर को खालिस्तान जनमत संग्रह कराने के लिए बाहर आया हूं। वह बोला, दिल्ली बनेगा खालिस्तान।

उसने एक सप्ताह के भीतर ओंटारियो सेंट्रल ईस्ट सुधार केंद्र से जमानत मिलने के बाद रिहा होकर अपना चरमपंथी रुख दिखाया। गोसल की वीडियो फुटेज प्रतिबंधित एसएफजे नेता गुरपतवंत सिंह पन्नू ने प्रसारित किया था, जिसने उसी वीडियो में भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल पर निशाना साधा था। पन्नू ने कहा, अजीत डोभाल, आप कनाडा, अमेरिका या किसी यूरोपीय देश में आकर मुझे गिरफ्तार करने या प्रत्यर्पण करने की कोशिश क्यों नहीं करते? डोभाल, मैं आपका इंतजार कर रहा हूं। सीबीसी के अनुसार, कनाडाई पुलिस ने पहले गोसल को ओंटारियो में खतरनाक हथियार रखने के आरोप में गिरफ्तार किया था। उसका पुराना रिकॉर्ड भी खतरनाक अपराधी जैसा रहा है।

**पुलिस ने दी है जान के खतरे की चेतावनी:** सीबीसी ने बताया कि अलगाववादी खालिस्तानी नेता इंद्रजीत सिंह गोसल ने खुद दावा किया है कि कनाडा में पुलिस ने उसे उसकी जान को खतरा होने की चेतावनी दी थी। अधिकारियों ने पहले पुष्टि की है कि देश में कई सिख कार्यकर्ताओं को ऐसे अलर्ट जारी किए जाते रहे हैं। हालांकि इसके बाद गोसल को गिरफ्तार कर ओंटारियो मध्य-पूर्व सुधार केंद्र भेजा गया। लेकिन कोर्ट से जमानत मिलने के बाद उसे रिहाई मिल गई है। रिहा होते ही उसने भारत के खिलाफ जहर उगलना शुरू कर दिया।

**भारत-कनाडा संबंध बनाने के प्रयासों के बीच धमकी:** एसएफजे प्रमुख पन्नू को जुलाई 2020 में भारत के गृह मंत्रालय द्वारा एक नामित व्यक्तिगत आतंकवादी घोषित किया गया था और वह देश में आतंकवाद के आरोपों में कई मामलों का सामना कर रहा है। यह ताजा घटनाक्रम ऐसे समय में आया है जब प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के नेतृत्व में कनाडा का नया नेतृत्व भारत के साथ संबंधों को स्थिर करने की कोशिश कर रहा है। पिछले हफ्ते, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने नई दिल्ली में अपनी कनाडाई समकक्ष नथाली ड्रोइन के साथ विस्तृत बातचीत की, जिसमें महीनों के तनाव के बाद तनाव कम करने पर ध्यान केंद्रित किया गया।

**त्रूदो कार्यकाल में गतिरोध:** इससे पहले हरदीप सिंह निज्जर की हत्या ने तत्कालीन कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन त्रूदो द्वारा भारत की संलिप्तता के बेबुनियाद आरोप लगाने के बाद राजनयिक गतिरोध पैदा हो गया था। इसे नई दिल्ली ने राजनीति से प्रेरित बताते हुए खारिज कर दिया था और ओटावा पर खालिस्तानी चरमपंथियों को पनाह देने का आरोप लगाया। भारत ने कनाडा से अपने राजनयिकों को भी वापस बुलाने का फैसला किया। लेकिन नए पीएम के आने पर संबंध फिर से बनना शुरू हुए हैं।

# महाराष्ट्र में बारिश से किसान प्रभावित, उद्धव ने की पूरा कर्ज माफ करने की मांग; फडणवीस सरकार पर निशाना भी साधा

**मुंबई ,एजेंसी।** महाराष्ट्र में भारी बारिश के चलते किसानों को बड़ा नुकसान का सामना करना पड़ा है। कारण है कि बारिश के चलते फसलें बर्बाद हो गई। साथ ही नौ से ज्यादा किसानों की मौत हो गई। ऐसे में अब शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने किसानों के लिए पूरी कर्ज माफी की मांग की है। इतना ही नहीं उद्धव ने राज्य की फडणवीस सरकार से प्रभावित किसानों को 50000 रुपये प्रति हेक्टेयर राहत राशि देने के साथ-साथ किसानों की समस्याओं पर चर्चा के लिए विशेष विधान सभा सत्र बुलाने की भी मांग की है।

**भाजपा सरकार पर साधा निशाना:** इस दौरान उद्धव ने राज्य की भाजपा सरकार पर जमकर निशाना भी साधा। उन्होंने फडणवीस सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि महाराष्ट्र सरकार राज्य को सही तरीके से चला पाने में असमर्थ हैं।। बता दें कि महाराष्ट्र के मराठवाड़ा क्षेत्र में 20 सितंबर से भारी बारिश और बढ़ती नदियों की वजह से बड़े पैमाने पर नुकसान हुआ है। सरकार के अनुसार, करीब 30,000 हेक्टेयर से अधिक फसलें बाढ़ में बह गई हैं और कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई।

**सीएम फडणवीस ने की राहत पैकेज का एलान:** ऐसे में गंभीर स्थिति को देखते हुए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस शुक्रवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिले और किसानों की मदद के लिए तुरंत राहत पैकेज देने की अपील की। गौरतलब है कि मराठवाड़ा जैसे सूखे इलाके में इस बार भारी बारिश ने किसानों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। वहीं, दूसरी ओर शिव सेना (यूबीटी) और कांग्रेस ने किसानों के लिए तत्काल राहत की मांग को लेकर अलग-अलग प्रदर्शन करने का एलान किया है। दोनों विपक्षी दलों ने सरकार से राज्य में वेट ड्राउट यानी गीला सूखा घोषित करने की भी मांग की है ताकि किसानों को विशेष मदद दी जा सके।

**सोमन वांगचुक की गिरफ्तारी पर भी बोले उद्धव ठाकरे:** इसके साथ ही इस दौरान प्रमुख उद्धव ठाकरे ने सक्रियता कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी पर भी अपनी प्रतिक्रिया दी।

उन्होंने केंद्र सरकार से सवाल किया कि जो व्यक्ति हमारी सेना के लिए सोलर टेंट तकनीक विकसित करता है, उसे देशद्रोही कहा जा रहा है। वहीं दूसरी ओर पाकिस्तान के खिलाफ क्रिकेट मैच खेलने की अनुमति दी जा रही है।

ठाकरे ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान देशभर के लोगों से अपील की कि वे रविवार को भारत-पाकिस्तान के बीच होने वाले एशिया कप फाइनल मैच का बहिष्कार करें। उन्होंने कंपनियों से भी आग्रह किया कि वे इस मैच के दौरान विज्ञापन न दें। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि जो हमारे सैनिकों के लिए काम कर रहा है, उसे देशद्रोही कहा जा रहा है। वहीं आप आतंक फैलाने वाले पाकिस्तान के साथ क्रिकेट खेल रहे हैं, यह कैसी देशभक्ति है?

**सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी:** ध्यान रहे कि सोनम वांगचुक को शुक्रवार को राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) के तहत गिरफ्तार किया गया है।

यह गिरफ्तारी लद्दाख में राज्य की मांग और संवैधानिक सुरक्षा की मांग को लेकर हुए हिंसक प्रदर्शन के बाद हुई, जिसमें चार लोगों की मौत और 90 से अधिक घायल हुए थे।

## अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस पर दिव्यांगजनों को वितरित किए गए सहायक उपकरण

# सरकार दिव्यांगजन सशक्तिकरण, उनके अधिकारों और समाज में समान भागीदारी के लिए प्रतिबद्ध है: सांसद

**मीडिया ऑडीटर, सीधी ( निप्र )।** सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन एवं सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में मानस भवन में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सांसद द्वारा दिव्यागजनों को सहायक उपकरणों का वितरण किया गया। इस अवसर पर सांसद डॉ. मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में सरकार दिव्यांगजन सशक्तिकरण, उनके अधिकारों एवं समाज में समान भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। दिव्यांगजनों को मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से नियमित शिविर आयोजित किए



जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि जिले में 0 से 18 वर्ष तक के बच्चों के लिए ग्राम पंचायत क्लस्टर स्तर पर विशेष शिविर आयोजित हो रहे हैं, जिनमें चिकित्सीय परीक्षण उपरांत दिव्यांगता प्रमाणपत्र एवं यूडीआईडी कार्ड जारी किए जा रहे हैं। सांसद ने कहा कि आगामी 06 से 10 अक्टूबर तक जनपद पंचायत स्तर पर एलिम्को जबलपुर द्वारा एडिप और वयोश्री योजना अंतर्गत दिव्यांगजनों एवं वृद्धजनों को नि:शुल्क कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण प्रदान करने हेतु परीक्षण शिविर लगाए जाएंगे। उन्होंने अधिकारियों को इन शिविरों का व्यापक प्रचार-प्रसार कर पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए।

अपने उद्बोधन में सांसद ने कहा कि यह कार्यक्रम दिव्यांगजनों के सम्मान समारोह के रूप में आयोजित है, जिसका उद्देश्य जागरूकता बढ़ाना एवं उनके अधिकारों के प्रति सम्मान और समर्थन को प्रोत्साहित करना है। सांकेतिक भाषा के माध्यम से दिव्यांगजन भी राष्ट्र एवं प्रदेश के विकास में सहभागी बनें, इसी लक्ष्य को लेकर सरकार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार की व्यवस्था सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। साथ ही स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग को बढ़ावा देकर देश को आत्मनिर्भर बनाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम से पूर्व बधिर संगठन के सदस्यों ने जागरूकता रैली निकाली, जो कलेक्ट्रेट से प्रारंभ होकर गांधी चौराहा होते हुए मानस भवन पहुँची। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान जन गण मन की सांकेतिक भाषा में भावपूर्ण प्रस्तुति से हुई। इसके बाद स्वागत और अभिनंदन भी सांकेतिक भाषा में किया गया। सोनांचल विंध्य बधिर संगठन ने सांकेतिक भाषा में सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं, जिसने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया।

इस अवसर पर समाजसेवी देव कुमार सिंह, जिला पंचायत सदस्य पूजा सिंह कुशराम, डॉ. देवेंद्र त्रिपाठी, प्रमोद द्विवेदी, निशांत मिश्रा, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी धनंजय मिश्रा, सामाजिक न्याय विभाग से प्रदीप द्विवेदी, सी.पी. तिवारी, राजेश मिश्रा, प्रभात शुक्ला, नम्रता मिश्रा, शिवांशु शुक्ला, दीपक त्रिपाठी सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण से जुड़े प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## हत्या की कोशिश करने वाला आरोपी गिरफ्तार, फॉरेस्ट गार्ड को लकड़ी काटने से रोकने पर मारा था चाकू



**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली ( निप्र )।** जिले की जियावान थाना पुलिस ने फॉरेस्ट बीट गार्ड पर चाकू से हमला करने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पर हत्या की कोशिश के तहत मामला दर्ज किया गया है। उसे आज शनिवार को बूढ़ा डडा के जंगल से घेराबंदी कर पकड़ा गया है।

घटना गुरुवार देर शाम की है। फॉरेस्ट गार्ड शिव मोहन सिंह ने आरोपी को जंगल से लकड़ी काटने से रोका था। इसी विवाद के बाद आरोपी ने शिव मोहन सिंह के पेट में चाकू मार दिया था। घायल शिव मोहन सिंह को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। उन्होंने जियावन थाने में आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई थी।

थाना प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि शिकायत के बाद से ही आरोपी की तलाश की जा रही थी। पुलिस के अनुसार, आरोपी शातिर किस्म का है और पहले भी जंगल से लकड़ी काटने को लेकर कई बार विवाद कर चुका है। वह जंगल से प्रतिबंधित लकडियां काटकर मिलों में बेचता है। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी जंगल में ही छिपा है, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

## शासकीय कन्या महाविद्यालय सीधी में जिला स्तरीय महिला एवं पुरुष टेबल टेनिस प्रतियोगिता आयोजित

**मीडिया ऑडीटर, सीधी ( निप्र )।** शासकीय कन्या महाविद्यालय सीधी में जिला स्तरीय महिला एवं पुरुष टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ शासकीय अग्रणी महाविद्यालय सीधी के प्राचार्य डॉ. पी.के. सिंह के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि ज्ञान महाविद्यालय सीधी के प्राचार्य डॉ. एस.बी. सिंह रहे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता शासकीय कन्या महाविद्यालय सीधी के प्राचार्य प्रो. ओ.पी. नामदेव ने की।

मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल जीवन का अभिन्न हिस्सा है और सभी खिलाड़ी खेल भावना से खेलते हुए जिले का नाम संभाग एवं राज्य स्तर पर रोशन करें। विशिष्ट अतिथि डॉ. एस.बी. सिंह ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को खेलों से जुड़कर जीवन को सरल और स्वस्थ बनाने का प्रयास करना चाहिए। अध्यक्षता कर रहे प्रो. नामदेव ने कहा कि खेल मानसिक एवं शारीरिक विकास के साथ अनुशासन, टीमवर्क और नेतृत्व की भावना विकसित करते हैं।

प्रतियोगिता खिलाड़ियों के परिचय से आरंभ हुई। महिला वर्ग में संजय गांधी महाविद्यालय सीधी विजेता तथा शासकीय कन्या महाविद्यालय सीधी उपविजेता रही। पुरुष वर्ग में भी संजय गांधी महाविद्यालय सीधी ने विजय प्राप्त की।

## महिला ने जीभ काटकर मां दुर्गा को चढ़ाई, 13 घंटे तक खून से लथपथ पड़ी रही; बीमार पोते के लिए मांगी थी मन्नत

**मीडिया ऑडीटर, सीधी ( निप्र )।** एक महिला ने मन्नत पूरी होने पर मां दुर्गा को अपनी जीभ काटकर अर्पित कर दी। महिला लगभग 13 घंटे तक खून से लथपथ वहीं पड़ी रही। पता चलता ही मौके पर भीड़ लगने लगी और भजन-कीर्तन शुरू हो गए। घटना रामगढ़ पंचायत की कोलान बस्ती में शुक्रवार की है। कल्लू बाई का पोता अनंत कोल (16) को एक साल पहले तेज बुखार आया था। वह 6 महीने तक बिस्तर पर रहा। फिर चलने-फिरने में असमर्थ हो गया डॉक्टरों ने उसे लकवाग्रस्त तक घोषित कर दिया था। इस दौरान दादी कल्लू बाई ने मां दुर्गा से मन्नत मांगी थी कि यदि पोता ठीक हो गया, तो वह अपनी जीभ मां के चरणों में चढ़ा देगी।



**सुबह जीभ चढ़ाई, रात में खोला मुंह:** महिला का दावा है कि माता की कृपा से उसका पोता अब स्वस्थ है। इसी मन्नत को पूरा करने के लिए उसने शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे दुर्गा प्रतिमा के सामने अपनी जीभ काटकर चढ़ा दी। देर रात करीब 11 बजे जब महिला ने अपना मुंह खोला, तो लोगों के बीच यह चर्चा फैल गई कि उसकी जीभ वापस आ गई है। सूचना मिलने पर स्वास्थ्य विभाग भी सक्रिय हुआ।

जिला अस्पताल सीधी के सिविल सर्जन ने बताया कि महिला की हालत फिलहाल स्थिर है, लेकिन उन्होंने ऐसे कृत्य को बेहद खतरनाक और जानलेवा बताया। उन्होंने लोगों से धार्मिक आस्था के नाम पर अपनी जान जोखिम में न डालने की अपील की।

**डॉक्टर बोले- अपाहिज हो गया, ऑपरेशन से ठीक होगा:** कल्लू बाई ने बताया, मेरे पोते को एक साल से तकलीफ है। इसी नवरात्रि के पहले दिन उसे तेज बुखार था, जिसकी वजह से डॉक्टर ने उसे इंजेक्शन लगाया था। जब बुखार नहीं उतरा तो मैं फिर से उसे डॉक्टर के पास ले गई, लेकिन उनने देखने से मना कर दिया। डॉक्टर ने कहा कि पोते को पोलियो हो गया है, जिससे वह अपाहिज हो गया है। सीधी जिला अस्पताल में भी डॉक्टर ने बोला है यह अपाहिज हो गया है। इसे रीवा ले जाओ। ऑपरेशन से ही ठीक होगा।

**डॉक्टर ने जबलपुर ले जाने का कहा:** कल्लू बाई बोली, सेमरिया अस्पताल ले गए तो वहां भी डॉक्टर ने इलाज करने से मना कर दिया और कहा कि आप जबलपुर ले जाओ। तब मैंने सोचा कि मैं पोते को माता के चरणों में छोड़ दूंगी। माता ने इसे ठीक कर दिया। नवरात्रि आ गई। मैंने सपने में माता से पूछा कि क्या चाहती हो। मैंने घर में जीभ देने की बात कही तो माता ने मना कर दिया।

## प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़एक्सीलेंस सीधी में संभाग स्तरीय पुरुष बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन



**मीडिया ऑडीटर, सीधी ( निप्र )।** मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार संभाग स्तरीय पुरुष बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, संजय गांधी स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीधी में किया गया। इस प्रतियोगिता में सीधी, रीवा और सतना जिलों की टीमें शामिल हुईं और सभी मैच लीग पद्धति से आयोजित किए गए।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. आर. बी. एस. चौहान रहे, जबकि प्रतियोगिता की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पी. के. सिंह ने की। मंच संचालन डॉ. रवींद्र नाथ सिंह, क्रीड़ा अधिकारी ने किया। मुख्य अतिथि डॉ. आर. बी. एस. चौहान ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल शरीर को स्वस्थ रखने के लिए आवश्यक है। प्राचार्य डॉ. पी. के. सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि सभी खिलाड़ियों को शिक्षा के साथ-साथ खेल में रुचि लेना चाहिए; खेल में भी बच्चे अपना भविष्य उज्ज्वल बना सकते हैं।

प्रतियोगिता में रीवा जिला विजेता रही, जबकि उपविजेता सीधी जिला की टीम रही। निर्णायक के रूप में कैलाश वर्मा और शक्ति सिंह ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के स्टाफ और उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों में प्रो. प्रभाकर सिंह, प्रो. के. एस. नेताम, प्रो. आर. एन. स्वर्णकार, प्रो. अरविंद तिवारी, प्रो. के. बी. सिंह, प्रो. अनिल सिंह, डॉ. राम सुरेश भारती, डॉ. विनोद कुमार साकेत, डॉ. उमाकांत साहू, डॉ. दिलीप सोनी, डॉ. पुष्पेंद्र शाह, डॉ. उमेश विश्वकर्मा, डॉ. देवेंद्र कुमार सोनी, डॉ. दिवाकर सिंह, डॉ. अंकिता सोनी, डॉ. बृजेश सिंह, डॉ. सच्चिदानंद तिवारी, खेल अधिकारी डॉ. अविनाश कुमार सिंह, डॉ. रियाजउद्दीन, डॉ. राजकुमार गुप्ता, डॉ. रामधारी जायसवाल उपस्थित रहे।

## सीधी अस्पताल में अव्यवस्था पर शिवसेना का हंगामा

# सिविल सर्जन, नगर पालिका पर उठे सवाल; गंदगी से परेशान स्वास्थ्य सेवाएं

**मीडिया ऑडीटर, सीधी ( निप्र )।** शनिवार को सीधी जिला अस्पताल में अव्यवस्थाओं को लेकर शिवसेना नेताओं ने जमकर हंगामा किया। शिवसेना के प्रदेश उपाध्यक्ष (उद्धव गुट) विवेक पांडे और जिला अध्यक्ष बेनाम सिंह ने अस्पताल प्रबंधन और सफाई कर्मचारियों पर सवाल उठाए। नेताओं ने अस्पताल परिसर में गंदगी, सीढ़ियों और मुख्य गेट से लेकर अंदर तक फैली अव्यवस्था पर नाराजगी जताई। उन्होंने बताया कि अस्पताल की दीवारें लाल दागों से भरी हैं, हल्की बरसात में पानी भीतर घुस जाता है, और पीने के पानी के नल खुले रहने से परिसर में गंदगी फैल रही है।



शिवसेना नेताओं ने सिविल सर्जन डॉ. एसबी खरे से फोन पर बात कर तुरंत व्यवस्थाएं सुधारने के निर्देश दिए। डॉ. खरे ने सफाई में कहा कि वे नियमित निरीक्षण करते हैं, लेकिन मरीज और परिजन गुटखा-तंबाकू खाकर दीवारों पर थूकते हैं। उन्होंने इस पर रोक लगाने के लिए अभियान चलाने और कार्रवाई करने की बात कही।

**अधिकारियों ने भी बताई समस्या:** डॉ. खरे ने आवारा मवेशियों को भी एक बड़ी समस्या बताया। उन्होंने कहा कि अस्पताल परिसर में दिनभर मवेशियों का जमावड़ा लगा रहता है। अस्पताल प्रबंधन के पास इन्हें नियंत्रित करने के संसाधन नहीं हैं, और इन्हें बाहर हटाने की जिम्मेदारी नगर पालिका की है। इस संबंध में जब नगर पालिका अधिकारी मिनी अग्रवाल से बात की गई, तो उन्होंने कहा कि उन्हें अस्पताल के बाहर आवारा मवेशी नजर नहीं आते। उन्होंने स्वीकार किया कि एक-दो गाय घूमती हैं, जिन्हें पकड़ने की कोशिश की जाती है, लेकिन सफलता नहीं मिलती।

## मेडिकल कॉलेज गेट से हटेंगी अवैध दुकानें

### यातायात पुलिस ने दुकानदारों से कहा- जल्द हटाएं दुकानें, नहीं तो होगी कार्रवाई

**मीडिया ऑडीटर, शहडोल ( निप्र )।** मेडिकल कॉलेज के मुख्य गेट के सामने लगी अवैध दुकानों पर यातायात पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। कॉलेज प्रबंधन की शिकायत के बाद पुलिस ने शनिवार को मौके पर पहुंचकर दुकानदारों को समझाइश दी। इन दुकानों के कारण मरीजों और एंबुलेंस को आवागमन में लगातार परेशानी हो रही थी। कॉलेज प्रबंधन ने यातायात विभाग को पत्र लिखकर बताया था कि मुख्य गेट के सामने कई दुकानें संचालित हो रही हैं। इन दुकानों के सामने अक्सर वाहन खड़े रहते हैं, जिससे मरीजों और एंबुलेंस का आवागमन बाधित होता है। स्टाफ को भी कैंपस आने-जाने में दिक्कत हो रही थी। पत्र में इन अवैध दुकानों को हटाने की मांग की गई थी।



शुक्रवार को यातायात सूबेदार प्रियंका शर्मा अपनी टीम के साथ कॉलेज गेट पहुंचीं और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने दुकानदारों को स्पष्ट चेतावनी दी कि गेट के सामने से दुकानें हटानी होंगी। प्रियंका शर्मा ने कहा, मेडिकल कॉलेज गेट पर एंबुलेंस और मरीजों की आवाजाही प्राथमिकता है। दुकानों और वाहनों की वजह से बाधा उत्पन्न होना गंभीर मामला है। इसलिए जल्द अतिक्रमण हटाना अनिवार्य है।

यातायात पुलिस की कार्रवाई के दौरान दुकानदारों से चर्चा भी हुई। पुलिस ने उन्हें समझाया कि गेट के सामने दुकानें चलाने से न सिर्फ अव्यवस्था फैल रही है, बल्कि मरीजों की जान को भी खतरा हो सकता है। इस पर दुकानदारों ने जल्द ही अपनी दुकानें हटाने और यातायात में सहयोग करने का आश्वासन दिया। मेडिकल कॉलेज के जिम्मेदारों ने उम्मीद जताई है कि इस कार्रवाई के बाद मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी और एंबुलेंस की आवाजाही बिना किसी रुकावट के हो सकेगी। यातायात विभाग ने भी स्पष्ट किया है कि यदि दुकानदार स्वेच्छा से अतिक्रमण नहीं हटाते, तो अगली बार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़एक्सीलेंस में सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत विविध प्रतियोगिताएं आयोजित

**मीडिया ऑडीटर, सीधी ( निप्र )।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, संजय गांधी स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीधी में मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पी.के. सिंह के कुशल निर्देशन में हुआ। इस अवसर पर विकसित भारत थीम पर चित्रकला, निबंध और वाद-विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राची द्विवेदी (बी.ए. प्रथम वर्ष) और शिवम द्विवेदी (बी.ए. तृतीय वर्ष) ने प्राप्त किया, द्वितीय स्थान शिल्पी विश्वकर्मा (बी.ए. प्रथम वर्ष) तथा तृतीय स्थान अंजलि शुक्ला (बी.ए. प्रथम वर्ष) ने प्राप्त किया। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मीरा साहू (बी.ए. प्रथम वर्ष), द्वितीय स्थान शिवानी सोंधिया (बी.ए. प्रथम वर्ष) और अभिषेक गुप्ता (बी.ए. प्रथम वर्ष) ने प्राप्त किया, जबकि तृतीय स्थान शिवम कुमार मिश्रा (बी.ए. तृतीय वर्ष), शालू साहू (बी.ए. प्रथम वर्ष) और सुदामा साहू (बी.ए. प्रथम वर्ष) ने प्राप्त किया।

## नि:शुल्क कोचिंग के शिक्षकों एवं अभ्यर्थियों ने की सांसद से भेंट, शैक्षणिक सामग्री पर जीरो जीएसटी और संसदीय कार्यवाही पर हुई सार्थक चर्चा

**मीडिया ऑडीटर, सीधी ( निप्र )।** जिला प्रशासन के सहयोग से आदर्श परिवार एवं आधुनिक नालंदा द्वारा संचालित यूपीएससी एवं एमपीपीएससी नि:शुल्क कोचिंग क्लासेस के शिक्षकों व अभ्यर्थियों ने शनिवार को सीधी संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ. राजेश मिश्रा से सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर सांसद डॉ. मिश्रा ने शिक्षकों और अभ्यर्थियों से परिचय प्राप्त किया तथा उन्हें शैक्षणिक सामग्री जैसे- मानचित्र, चार्ट, ग्लोब, पेंसिल, शार्पनर, नोटबुक, एक्सरसाइज बुक और दवाइयों पर जीरो जीएसटी के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने संसद और संसदीय कार्यवाहियों पर भी



विस्तृत चर्चा की। मुलाकात के अंत में सांसद ने अभ्यर्थियों को मिठाई खिलाकर उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य हमेशा से उनकी कार्य प्राथमिकताओं में शामिल रहे हैं।

इस दौरान नि:शुल्क कोचिंग क्लासेस की सहायक संचालक किरण भारती, शिक्षिका दीक्षा लोधी, शिक्षक गुरुदेव मिश्रा सहित अभ्यर्थी प्रिया मिश्रा, विजय लक्ष्मी विश्वकर्मा, कीर्ति सिंह चौहान, शिवानी यादव, कंचन जायसवाल, मीनाक्षी यादव, सुभाषिनी भारती, दीपिका अरेलिया, सरस्वती विश्वकर्मा, शिवकुमार साकेत, कृष्ण कुमार साकेत, विक्रम कोल, अखंड सिंह, वंशमणि यादव तथा कमलेश साहू उपस्थित रहे।

सहायक संचालक किरण भारती ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी कोचिंग से जुड़ने के लिए जनपद पंचायत के सभागार में प्रतिदिन सुबह 7.30 से 9.30 बजे तक उपस्थित होकर अथवा मोबाइल नंबर 7354 794 358 पर संपर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर ल स्वरोचिष सोमवंशी के निर्देशन एवं आदर्श परिवार तथा आधुनिक नालंदा के डायरेक्टर परीक्षित भारती के सहयोग से यह नि:शुल्क कोचिंग निरंतर रूप से संचालित की जा रही है। इस पहल में सुभाष मानवता विकास समिति और आदर्श परिवार एवं आधुनिक नालंदा शिक्षा समिति का विशेष योगदान है।


## नाम सुधार सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं सतीश सिंह पिता शैलेंद्र सिंह निवासी वार्ड क्रमांक 9/516 पटेहरा हाउस सुंदर नगर बोदा बाग रीवा मध्य प्रदेश का मूल निवासी हूं यह की मेरे 10वीं व 12वीं की अंकसूची में मेरा नाम सतीश सिंह बघेल पिता शैलेंद्र सिंह बघेल हो गया जो कि गलत है जबकि मेरे आधार कार्ड एवं अन्य समस्त दस्तावेजों में मेरा नाम सतीश सिंह पिता शैलेंद्र सिंह है जो सही एवं सत्य है अतः आज दिनांक से मेरे 10वीं व 12वीं की अंकसूची में मेरा नाम सतीश सिंह पिता शैलेंद्र सिंह लिखा, पढ़ा व जाना जाए।

**सूचनादाता**
**सतीश सिंह**

# गुमराह होता विकास

संपादकीय

हिमाचल में अंग्रेजी हुकूमत की निशानियां आज भी भविष्य को रेखांकित कर रही हैं, तो आजादी के सात दशक गुजर जाने के बाद भी हमें यह मालूम नहीं कि कहां जाना है और किस तरह जाना है। अभी भी अतीत की कई सदियां दिखाई देती हैं, जब विकास के चिराग रोशन होते हैं। लम्हें उन्हीं किश्तियों पे लौट आते हैं, जो वर्षों पहले निकली हैं अपने सफर पे। लोग चौड़ी सडकें, आसान परिवहन, सरल विमान सेवाएं और रेल का विस्तार चाहते हैं, लेकिन नक्शे पर वही अतीत के सिर्फ वादों को बड़ा किया जा रहा है। हिमाचल में अंग्रेजों के बसाए हिल स्टेशन अब सुकून की चिड़िया को बसने नहीं देते। पहाड़ का मुकाबला मैदान के विकास से नहीं हो सकता और न ही दोनों के तकनीक व मानचित्र एक सरीखे हो सकते हैं, लेकिन इमारतें अब शिमला की प्रवृत्ति से लड़ती हुई भट्टा कुफर हो गई। ऊंची गर्दनों के कई भवन शिमला की सुरक्षा को नीचा कर चुके हैं, लेकिन उसी पुरानी वाटर सप्लाई के नक्शे पर अपनी प्यास बुझाने की कोशिश करता राजधानी का वजूद बौना हो गया। मांग और आपूर्ति के फासलों में पूरे हिमाचल ने कंक्रीट को खेत में और निर्माण को पहाड़ के पेट में उगा दिया। ये कैसी नदियां जो गर्मियों में सूख कर हिमाचल को रेगिस्तान बनाने लगीं और बरसात में जीने के हर छोर को डराने लगीं। आधुनिक योजनाओं के बाहुपाश में हिमाचल भूल गया कि इससे बेहतर तो अंग्रेज की ईंटें थी, जो आज भी विरासत बन कर खड़ी है, वरना शिमला को हम न्यू शिमला में हरा चुके हैं। हर शहर अपनी आवासीय जरूरतों को हिमुडा की आधी अधूरी कालोनियों में गुम कर चुका है। यह समस्या केवल शहरी नहीं अब हिमाचल के हर गांव का नक्शा बिगड़ा हुआ है। बेशक नागरिक समाज भी मुगालते में है कि वह केवल अपने लिए सुकून का कोई किला बना लेगा। किले बनाने की मेहनत तो हमने पुराना कांगड़ा में भी देखी थी, जहां सदियों के बाद जमीन पक्की और नींव बरकरार रही, वरना भूकंप की त्रासदी ने हमारे घर का नक्शा बिगाड़ दिया था। बहरहाल अब हम युग बदलते हिमाचल की करवटों में ऐसी तासीर नहीं देख रहे जो हमें आगे की सदियों तक ले जाए। हम अपनी ही जमीन पर बड़ी परियोजनाओं के लिए लड़ रहे हैं, जबकि पूरे प्रदेश के नजरिए से प्लानिंग करने की जरूरत है। मसलन नेरचौक मेडिकल कालेज और बिलासपुर एम्स के बीच स्वास्थ्य की योजना में प्रदेश है कहां। किसी भी जिला अस्पताल की योजना में चिकित्सा बची कहां और मेडिकल कालेजों ने हमें अब तक दिया क्या। जरा सर्वेक्षण करवाइए उन मरीजों का जो दिल्ली तक निकल गए ताकि प्रदेश में वापस जिंदा लौट सकें। हो सकता है रोबोट अब हमारा काम आसान कर दे, लेकिन मरीज के लिए जरूरी एक्स रे मशीन अगर तीन दिन से टीएमसी को अपंग बना कर खराब रहे, तो इस काबिलीयत का शिखर बना कर हम क्या करेंगे। हमने बात अंग्रेजों के जमाने से शुरू की, तो आज भी उन्हीं इमारतों को तोड़ कर हमने शिलान्यास से उद्घाटन की पट्टिकाओं में रणनीति का वजूद जिंदा रखा है। अब इन्हीं शेखियों में 97 साल पुरानी अंग्रेजों की कांगड़ा घाटी रेल को ब्रॉडगेज बनाने का सपना कूद फांक कर रहा है। तीस हजार करोड़ का अनुमान सुनते ही महसूस होता है कि हर किसी कस्बे में रेलवे स्टेशन बन जाएगा, लेकिन यह गलत आकलन है हमारी हसरतों का।

# 'अनशन का जूस'

**गुरमीत बेदी**

जनता का मूड जब बदलता है तो सत्ता का स्वाद बदल जाता है। नेताजी ने बड़े विश्वास से जनता को वायदे किए थे। वायदे भी ऐसे-वैसे नहीं, मुफ्त शिक्षा, मुफ्त चिकित्सा, मुफ्त बिजली, यहां तक कि मुफ्त वाईफाई भी। जनता ने सोचा, अब तक तो हमें वोट डालने का ही मौका मुफ्त मिला था, चलो इस बार वाईफाई भी मुफ्त में मिल जाएगा। परंतु पांच साल गुजरते-गुजरते जनता ने पाया कि मुफ्त में मिला सिर्फ झुनझुना है, जो चुनाव से पहले बजता है और चुनाव के बाद चुप हो जाता है। जनता का असंतोष धीरे-धीरे नारों से निकलकर गालियों तक पहुंच गया। गली-मोहल्लों में चर्चा होने लगी, 'अबकी बार नेताजी बाहर।' नेताजी बेचारे परेशान। कुर्सी पर बैठते-बैठते उन्हें लगा था कि कुर्सी तो स्थायी संपत्ति है, बस नाममात्र के लिए चुनाव होते रहते हैं। लेकिन जब उन्हें फुसफुसाहटें सुनाई देने लगीं कि इस बार कुर्सी खिसक जाएगी, तो उनका पारा चढ़ा और आत्मा दुखी हो गई। सलाहकारों की टीम बुलाई गई। एक सलाहकार ने सुझाव दिया- 'नेताजी, जनता को लगता है कि आप उनके दुख-दर्द से जुड़े नहीं हैं। आपको तुरंत जनता से जुड़ने का नाटक करना चाहिए।' नेताजी ने कहा, 'नाटक? अरे भाई, नाटक तो हम रोज़ करते हैं, भाषणों में। इसमें नया क्या है?' सलाहकार बोला, 'नाटक थोड़ा अपग्रेड कर लीजिए, इस बार अनशन कर लीजिए।' नेताजी का माथा चमका। यह विचार उन्हें भा गया। आखिर महात्मा गांधी का देश है, यहां अनशन से बढकर और कौनसा स्टंट असरदार हो सकता है? फौरन प्रेस नोट जारी हुआ, 'नेताजी जनता की सेवा में अपने प्राणों की आहुति देने के लिए अनशन पर बैठ गए हैं। जब तक जनता के हक़ की व्यवस्था नहीं बदलती, नेताजी अन्न-जल ग्रहण नहीं करेंगे।' अगले दिन से अख़बारों में फोटो छपने लगे, नेताजी सफेद खादी में, हाथ में माला, माथे पर तिलक, पीछे पोस्टर = 'जनता ही मेरा भगवान है।' पत्रकारों ने भी खूब मसाला पाया। चार कॉलम की हेडलाइन बनी- 'नेताजी बने जनता के दासी, व्यवस्था का बैंड बजाने निकले।' पहले दिन तो नेताजी ने चाय-नाश्ता छोड़ दिया, लेकिन रात को नींद नहीं आई। पेट में भूख से ज्यादा जूस की तलब जागी। दूसरे दिन पत्रकार आए तो नेताजी ने मुस्कराकर कहा- 'जनता के लिए भूख भी सह लेंगे।'

पर शाम को सलाहकारों से बोले- 'देखो भाई, कहीं ऐसी नौबत न आ जाए कि मुझे सचमुच भूखा मरना पड़े। कोई सम्मानजनक रास्ता निकालो।' तीसरे दिन हालत पतली हो गई। चेहरे से नेता कम और रोगी ज़्यादा लगने लगे। जनता ने भी सोचना शुरू किया- 'ये वही नेताजी हैं जिन्होंने हमारा पांच साल का स्वास्थ्य खराब किया, और अब खुद बीमार होकर अस्पताल का बोझ बनने चले हैं।' नेताजी ने फौरन पार्टी के आल्हा-उल्हा नेताओं को संदेश भिजवाया- 'भाइयो, यह अनशन मेरे गले की हड्डी बन गया है। इसे निगल नहीं पा रहा और उगल भी नहीं सकता। कोई सम्मानजनक तरीका ढूंढो। मुझे ऐसे बाहर निकालो कि जनता को लगे कि मैं तो बलिदानी हूं, वरना मैं तो यहां सचमुच गिर जाऊंगा।' चौथे दिन एक वरिष्ठ नेता पहुंचे। हाथ में संतरे का जूस था। कैमरे सज चुके थे, पत्रकार तैयार थे। वरिष्ठ नेता ने मंच पर आते ही कहा- 'नेताजी! आपका बलिदान महान है। जनता आपकी तपस्या से भावुक हो चुकी है। कृपया यह जूस ग्रहण करें और देश को मार्गदर्शन दें।' नेताजी ने पहले थोड़ी ना-नुकर की, माथा हिलाया, आंखें बंद कीं, होंठ सिकोड़े, पर कैमरे देखकर मुस्करा दिए। आखिरकार जूस का गिलास पकड़ लिया और हल्के-हल्के घूंट भरकर अनशन तोड़ दिया। तालियां बजीं। टीवी चैनलों पर ब्रेकिंग न्यूज- 'जनता की सेवा में थके, नेताजी ने तोड़ा अनशन, देश हुआ कृतज्ञ।' जनता ने कहा- 'हमें क्या मिला?' नेताजी ने जवाब दिया- 'जूस।'

> **विश्व पर्यटन दिवस मानाने का उद्देश्य वैश्विक उद्योग के रूप में पर्यटन के महत्व तथा इसके सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक और आर्थिक प्रभाव के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना है। विश्व पर्यटन दिवस मनाने से हमें पर्यटन के हम पर और हमारे आसपास की दुनिया पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में जागरूकता बढ़ाने में मदद मिलती है। इसमें दुनिया भर में इसके आर्थिक प्रभाव के साथ-साथ नैतिक, नैतिक और पशु कल्याण संबंधी विचार भी शामिल हैं।**

# वैश्विक पर्यटन केंद्र के रूप में उभर रहा है भारत

**रमेश सर्राफ धमोरा**



संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन (यूएनडब्ल्यूटीओ) की तरफ से साल 1980 में हर साल 27 सितंबर को विश्व पर्यटन दिवस मनाने की शुरुआत की गई। इसी दिन यूनाइटेड नेशंस वर्ल्ड टूरिज्म ऑर्गनाइजेशन के कानूनों को अपनाया गया था। हर साल यह दिवस विशेष थीम के साथ मनाया जाता है। इस वर्ष इसकी थीम है-पर्यटन और हरित निवेश। यह थीम स्थायी पर्यटन अवसंरचना और परियोजनाओं में निवेश की तत्काल आवश्यकता पर जोर देती है जो समुदायों और अर्थव्यवस्थाओं को समृद्ध बनाने के साथ हमारे ग्रह की रक्षा में भी मदद करे।

विश्व यात्रा एवं पर्यटन परिषद (डब्ल्यूटीटीसी) की नवीनतम आर्थिक प्रभाव प्रवृत्ति रिपोर्ट के अनुसार, भारत ने 2025 में विश्व की सबसे बड़ी पर्यटन अर्थव्यवस्थाओं में अपने पिछले दसवें स्थान से 8वें स्थान पर एक महत्वपूर्ण छलांग लगाई है। रिपोर्ट में वैश्विक यात्रा क्षेत्र में भारत के बढ़ते कद पर प्रकाश डाला गया है और अनुमान है कि अगले दशक में यह चौथे स्थान पर होगा। भारत का पर्यटन क्षेत्र 2025 में 231.6 अरब डॉलर का योगदान देगा जो बुनियादी ढाँचे, विपणन और सेवा वितरण में मज़बूत वृद्धि और रणनीतिक विकास को दर्शाता है। यह बढ़ता रुझान एक वैश्विक पर्यटन केंद्र के रूप में भारत की क्षमता को रेखांकित करता है और आर्थिक विस्तार एवं रोज़गार को बढ़ावा देने में इस क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका को उजागर करता है।

देश के लिए बहुमूल्य विदेशी मुद्रा की कमाई करने में पर्यटन उद्योग का अच्छा खासा महत्व है। पर्यटन जिसे चिमनी विभिन्न उद्योग के नाम से भी जाना जाता हैं। आज भी लाखों लोगों को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार उपलब्ध करा रहा है। भारत दुनिया के उन चुनिंदा देशों में से है जहां कलात्मक, धार्मिक और प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर दर्शनीय स्थलों एवं कृतियों की कमी नहीं है। यही कारण है कि हजारों मील दूर रहने वाले विदेशी लोग भी पर्यटन के लिए यहां आने का लोभ छोड़ नहीं पाते हैं। यही नहीं देशी पर्यटक भी बड़ी तादाद में कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक फैले देश के विभिन्न पर्यटन केंद्रों पर देखे जा सकते हैं।

यूरोपीय देश जर्मनी, यूनाइटेड किंगडम, फ्रांस, इटली और स्पेन प्रमुख खिलाड़ी बने हुए हैं। वहीं हांगकांग एसएआर, मलेशिया और फिलीपींस जैसे एशियाई गंतव्य पर्यटन के प्रमुख केंद्र के रूप में तेज़ी से अपनी पहचान बना रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय पर्यटन खर्च में तीव्र वृद्धि देखने वाले देशों में सऊदी अरब (+91.3%), तुर्की (+38.2%), केन्या (+33.3%), कोलंबिया (+29.1%), और मिस्र (+22.9%) शामिल हैं।

देश की अर्थव्यवस्था के विभिन्न पहलुओं पर नजर रखने वाले अर्थशास्त्रियों और नीति निर्धारकों ने लगभग एकमत से स्वीकार किया है कि देश में उपलब्ध पर्यटन क्षमता का समुचित रूप से इस्तेमाल नहीं किया जा रहा है। इस दिशा में अधिक प्रभावी व कारगर कदम उठाए जाने की आवश्यकता है। इसी नीति के तहत विभिन्न पर्यटन केंद्रों को प्रमुख छोटे-बड़े शहरों से जोड़ने के लिए दूरसंचार, सड़क और वायु परिवहन की अधिकाधिक सुविधा उपलब्ध कराने के लिए भारी निवेश की व्यवस्था की जा रही है। इसके अलावा परंपरागत पर्यटक केंद्रों के आसपास बुनियादी सुविधाएं व नए पर्यटन केंद्रों को विकसित करने पर जोर दिया जा रहा है। इस पूरे परिदृश्य से स्पष्ट होता है कि आगामी वर्षों में पर्यटन प्रबंधन तथा पर्यटक से जुड़े अन्य क्षेत्रों के विशेषज्ञों की बड़ी संख्या में मांग होगी। यह अवसर सरकारी से ज्यादा निजी क्षेत्रों में होने की अधिक संभावना जताई जा रही है।

विशेषज्ञों का मानना है कि आगामी दस वर्षों में पर्यटन आधारित अर्थव्यवस्था में भारत का स्थान विश्व में तीसरा हो जाएगा। देश में इस दौरान लगभग एक करोड़ नये रोजगार का इस क्षेत्र में सृजन होने की उम्मीद है। वर्ल्ड ट्रेवल एंड टूरिज्म कौंसिल द्वारा जारी रिपोर्ट में इस आशय की संभावनाओं की ओर इशारा किया गया है। अभी देश में लगभग चार करोड़ लोग टूर एंड टूरिज्म इंडस्ट्री के माध्यम से प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष तौर पर आजीविका हासिल कर रहे हैं।

भारत में पर्यटन सबसे बड़ा सेवा उद्योग है। जहां इसका राष्ट्रीय सकल घरेलू उत्पाद में 6.23 प्रतिशत और भारत के कुल रोजगार में 8.78 प्रतिशत योगदान है। भारत में वार्षिक तौर पर 50 लाख विदेशी पर्यटकों का आगमन और 56 करोड़ घरेलू पर्यटकों द्वारा भ्रमण परिलक्षित होता है। विश्व पर्यटन दिवस एक वार्षिक आयोजन है। जिसका उद्देश्य वैश्विक उद्योग के रूप में पर्यटन के महत्व तथा इसके सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक और आर्थिक प्रभाव के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना है।

देश में पर्यटन से जुड़े लगभग सभी प्रशिक्षण पाठ्यक्रम ग्रेजुएशन के बाद के स्तर के हैं। विश्वविद्यालयों में पर्यटन क्षेत्र के भावी विस्तार को भांपते हुए पर्यटन शिक्षा विभाग तेजी से विकसित हो रहे हैं। इनमें मास्टर आफ टूरिज्म एडमिनिस्ट्रेशन सरीखे स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन विश्वविद्यालयों के अतिरिक्त निजी प्रशिक्षण संस्थानों में भी अंशकालिक, पूर्णकालिक डिप्लोमा प्रशिक्षण उपलब्ध है। पर्यटन डिप्लोमा डिग्री हासिल करने के बाद स्वरोजगार के क्षेत्र में पदार्पण करने के लिए राहें भी खुलती है। इसीलिए जरूरी नहीं कि लंबे अरसे तक नौकरी के लिए आवेदन भेज कर हाथ पर हाथ रखकर खाली बैठा जाए। टूर ऑपरेटर और ट्रैवल एजेंट जैसे काम बहुत कम पूंजी से शुरू किए जा सकते हैं। जिनमें स्थानीय साइट सीन, पर्यटक भ्रमण कार्यक्रम से लेकर तीर्थ यात्रा टूर, दूरदराज के पर्यटक स्थल की यात्रा शामिल है।

अब तो विदेशों में स्वीटजरलैंड, पेरिस, थाईलैंड, हॉन्गकांग, सिंगापुर, लंदन, अमेरिका, कनाडा, मालदीप, नेपाल जैसी जगहों के लिए भी पैकेज टूर बनाए जाने लगे हैं। इनमें स्थानीय भ्रमण से लेकर हवाई यात्रा और होटल में ठहरने तक का समस्त खर्च सम्मिलित होता है। तमाम हवाई कंपनियों के अधिकृत टिकट विक्रेता एजेंट के रूप में भी बेची गई टिकटों पर निर्धारित प्रतिशत कमीशन की कमाई की जा सकती है। आज अधिकांश सरकारी व निजी विश्वविद्यालयों में पर्यटन प्रशिक्षण के कोर्स चलाए जा रहे हैं। इसके अलावा भी देशभर में अनेकों निजी संस्थान पर्यटन के विभिन्न क्षेत्रों का प्रशिक्षण देती है। प्रशिक्षण के पश्चात सर्टिफिकेट भी दिए जाते हैं। राजस्थान पर्यटन विभाग समय-समय पर प्रदेश में गाइडों के प्रशिक्षण शिविर आयोजित करता है। जिसमें प्रशिक्षण प्राप्त कर चयनित गाइडों को विभाग द्वारा गाइड का प्रमाण पत्र प्रदान किया जाता है। देश के अन्य राज्यों में भी इसी तरह के विभिन्न पाठ्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है। जहां अध्ययन व प्रशिक्षण प्राप्त कर व्यक्ति पर्यटन के क्षेत्र में अपना कैरियर बना सकता है।

आज के समय में जहां हर देश की पहली जरूरत अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है, वहीं आज पर्यटन के कारण कई देशों की अर्थव्यवस्था पर्यटन उद्योग के इर्द-गिर्द घूमती है। यूरोपीय देश, तटीय अफ्रीकी देश, पूर्वी एशियाई देश, कनाड़ा, आस्ट्रेलिया आदि ऐसे देश हैं, जहां पर्यटन उद्योग से प्राप्त आय, वहां की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करती है। पर्यटन विश्व का सबसे बड़ा क्षेत्र है। जो वैश्विक स्तर पर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 11 प्रतिशत योगदान देता है।

# जीएसटी दरों में कटौती से किसानों को बड़ी राहत, हो सकती है 60 हजार करोड़ की बचत

**भारत सरकार ने खेती से जुड़े उपकरणों, उर्वरकों और अन्य कृषि उत्पादों पर जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) की दरों में महत्वपूर्ण कमी की है। इस निर्णय से देशभर के करोड़ों किसानों को सीधी आर्थिक राहत मिलेगी। अनुमान है कि इससे किसानों की सालाना करीब 60,000 करोड़ रुपये तक की बचत होगी। आईआईएम मुंबई के अनुसार जीएसटी में बदलाव का एक बड़ा असर जहां कंज्यूमर गुड्स और आटो सेक्टर में देखने मिलेगा वहीं इससे खेती किसानी में भी बड़ी राहत मिलेगी, इससे देश की अर्थव्यवस्था में तेजी देखने मिलेगी।**

**प्रो. मनोज तिवारी**

भारत सरकार का हाल ही में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) दरों को तर्कसंगत बनाने का निर्णय देश के कृषि क्षेत्र के लिए एक बड़ा कदम साबित हुआ है। खेती से जुड़े उपकरणों, मशीनरी और उर्वरकों पर कर में कटौती से करोड़ों किसानों को सीधी आर्थिक राहत मिलेगी।

## ट्रैक्टर और स्पेयर पार्ट्स पर राहत

सबसे बड़ा बदलाव ट्रैक्टर और उसके पुर्जों की टैक्सेशन में हुआ है:

- 45 हॉर्सपावर का ट्रैक्टर खरीदने वाले किसान को अब लगभग 47,000 की सीधी बचत होगी।
- ट्रैक्टर टायर, जिन पर पहले 18% जीएसटी लगता था, अब केवल 5% पर उपलब्ध होंगे।
- स्पेयर पार्ट्स पर जीएसटी 28% से घटाकर 18त्न कर दिया गया है, जिससे मरम्मत और रखरखाव की लागत कम होगी।

इससे मशीनीकृत खेती किसानों के लिए सस्ती होगी और उनकी उत्पादकता में दीर्घकालिक बढ़ोतरी की उम्मीद है।

## सस्ते हुए कृषि उपकरण

- यह सुधार सिर्फ ट्रैक्टर तक सीमित नहीं है:



- लगभग 2 लाख कीमत वाले रोटावेटर पर अब करीब 14,000 की बचत होगी।
- कृषि ड्रोन, पंपिंग सेट और हार्वेस्टर जैसे आधुनिक उपकरण भी पहले की तुलना में सस्ते हो जाएंगे।

इससे किसानों को न केवल वित्तीय राहत मिलेगी बल्कि उन्हें नई तकनीक अपनाने का प्रोत्साहन भी मिलेगा, जो उत्पादन और दक्षता दोनों को बढ़ाएगा।

## उर्वरक और बायो-इनपुट्स पर कम कर

सूक्ष्म पोषक तत्वों और बायो-फर्टिलाइज़र पर जीएसटी कम करना एक और बड़ा कदम है। इससे खेती की लगातार आने वाली लागत घटेगी और किसान प्राकृतिक व जैविक खेती की ओर बढ़ेंगे। इससे मिट्टी की सेहत बेहतर होगी और लंबे समय में पैदावार भी बढ़ेगी।

ग्रामीण अर्थव्यवस्था और आय में बढ़ोतरी इन कदमों का समग्र प्रभाव दोतरफा होगा:

1. उत्पादन लागत घटने से किसानों के लाभांश में सुधार होगा।
2. सस्ते और आधुनिक उपकरणों तक पहुंच से तकनीक का उपयोग बढ़ेगा।

अप्रत्यक्ष रूप से यह सुधार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगा, रोजगार बढ़ाएगा और देश की विकास यात्रा में गति लाएगा।

**जीएसटी सुधारों का व्यापक परिप्रेक्ष्य-** यह सुधार सिर्फ कृषि तक सीमित नहीं है। 22 सितंबर 2025 से भारत 5% और 18% की दो-स्तरीय जीएसटी संरचना लागू हो गयी है , जबकि लक्जरी वस्तुओं÷ पर 40% दर बनी रहेगी। इसका उद्देश्य टैक्स प्रणाली को सरल बनाना, अनुपालन लागत घटाना और कारोबार करने की सुविधा बढ़ाना है।

भारत की अप्रत्यक्ष कर व्यवस्था औपनिवेशिक काल के उत्पाद शुल्क से शुरू होकर वैट और 2017 में जीएसटी तक पहुंची। प्रारंभिक चुनौतियों के बावजूद जीएसटी ने एकीकृत, डिजिटल-प्रथम कर ढांचा दिया। ताज़ा सुधार उसी यात्रा का अगला चरण है–जो कर प्रणाली को और सरल, न्यायसंगत और प्रभावी बनाएगा।

हालांकि सरकार को अल्पावधि में करीब 48,000 करोड़ का राजस्व नुकसान होगा, लेकिन करदाताओं की संख्या और खपत बढ़ने से इसकी भरपाई की उम्मीद है। जीएसटी संग्रह पहले ही 2017-18 के 82,000 करोड़ से बढ़कर 2025 में 2.04 लाख करोड़ से ऊपर पहुंच चुका है।

## आंकड़ों से आगे का सुधार

जीएसटी में यह बड़ा बदलाव केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं है; यह प्राथमिकताओं का भी संकेत है। खेती के उपकरणों, उर्वरकों और जीवनरक्षक दवाओं जैसी आवश्यक वस्तुएं सस्ती करके सरकार ने स्पष्ट संदेश दिया है कि कर प्रणाली समावेशी विकास की दिशा में काम करेगी। भारत के किसान, जो अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं, उनके लिए यह सुधार वास्तविक और ठोस लाभ लेकर आया है। कम लागत, बेहतर तकनीक और बढ़ी हुई आय से न केवल उनकी आजीविका सुधरेगी बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था भी मजबूत होगी। खेती से जुड़े उपकरणों और इनपुट्स पर जीएसटी दरों में कटौती किसानों के पक्ष में निर्णायक सुधार है। सालाना ?60,000 करोड़ तक की संभावित बचत सिर्फ आर्थिक राहत नहीं है; यह आधुनिकीकरण, जैविक खेती को बढ़ावा और ग्रामीण समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करती है। व्यापक जीएसटी सरलीकरण के साथ मिलकर यह कदम ÷वन नेशन, वन टैक्स÷ की दिशा में एक बड़ी छलांग है- जहां कर प्रणाली नागरिकों और किसानों को केंद्र में रखकर भारत की विकास गाथा लिखेगी।

# रायपुर में पकड़े गए नक्सली दंपती की इनसाइड स्टोरी : मजदूर बनकर छिपे





**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)।** रायपुर के चंगोराभाठा इलाके में पिछले 5 साल से नक्सली दंपती मजदूरों के भेष में रह रहे थे। स्टेट इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (SIA) ने 25 सितंबर को छापा मारकर दोनों को गिरफ्तार किया। जानकारी के मुताबिक, वे 1800 रुपए महीने किराए पर जर्जर कमरे में रह रहे थे ताकि किसी को शक न हो।छापे में पुलिस को उनके ठिकाने से 10 तोला सोने का बिस्किट, 1.14 लाख रुपए नकद, दो एंड्रॉइड मोबाइल और अन्य सामग्री बरामद हुई है। दोनों पर कुल 13 लाख रुपए का इनाम घोषित है।बताया जा रहा है कि रायपुर में रहते हुए उन्हें नक्सल संगठन के लिए शहरी नेटवर्क मजबूत करने, फंडिंग जुटाने और सुरक्षित ठिकानों का बंदोबस्त करने की जिम्मेदारी दी गई थी। बस्तर की ठेठ बोली में बात करते, गमछा बांधकर निकलते थे। मकान घनी बस्ती की तंग गलियों में स्थित है। उनका कमरा जर्जर हालत में था। पास में एक अकेली बुजुर्ग महिला रहती है, जिसने बताया कि दोनों पति-पत्नी खुद को मजदूर बताते थे और सुबह निकलकर रात करीब साढ़े आठ बजे लौटते थे।महिला नक्सली कमला कुरसम (27) घर से बाहर दुर्गा और गणेश प्रतिमाएं देखने निकलती थी, जबकि उसका पति जग्गू कुरसम पास की चिकन दुकान से अक्सर चिकन खरीदता था। आसपास के दुकानदारों ने बताया कि उसकी बोली बस्तर की ठेठ भाषा जैसी थी। दोनों पति-पत्नी गमछा बांधकर निकलते थे और बातचीत से बचते थे, जिससे किसी को शक नहीं हुआ।

**साइट पर बने संपर्क से किराए का ठिकाना मिला :**मकान मालकिन पुष्पा ने बताया कि दोनों पति-पत्नी से पहले कमरे में पवन नाम का युवक रहता था। वह करीब 6 महीने तक वहीं रहा और रोजी-मजदूरी करता था। जब उसका साइट का काम खत्म हुआ, तो उसने जग्गू को अपनी जगह 1800 रुपए महीने पर कमरा दिलवा दिया। पुलिस को आशंका है कि नक्सली दंपती ने कंस्ट्रक्शन साइट पर चालाकी से पवन से दोस्ती की और उसी के जरिए किराए पर मकान लेकर वहां शिफ्ट हो गए। किराना दुकान व्यापारी हेमंत देवांगन ने इन्हें जुलाई में मकान किराए पर दिया था। कमला ने आईडी के तौर पर दूसरे की आईडी दी है। लेकिन हेमंत ने थाने में दोनों का सत्यापन भी नहीं कराया और न ही उनके दस्तावेज अपने पास रखे। जग्गू मजदूरी के अलावा ड्राइविंग भी करता था।

**कॉल इंटरसेप्शन में फंसे पति-पत्नी :**इस मामले में इंटेलिजेंस एजेंसियों को जग्गू उर्फ रवि उर्फ रमेश कुरसम और उसकी पत्नी कमला के बारे में कॉल इंटरसेप्शन के जरिए सुराग मिला। ररायपुर लोकेशन से बस्तर बेल्ट में संपर्क होने के तकनीकी इनपुट की छानबीन की गई।जानकारी मिलने के बाद इनपुट डीडी नगर पुलिस को भेजा गया। पड़ोसियों के मुताबिक, रात करीब 11ः30 बजे कुछ लोग सिविल ड्रेस में घर पहुंचे और दरवाजा खटखटाया। उस वक्त दोनों आरोपी कमरे में ही मौजूद थे। दरवाजा खुलते ही टीम ने उन्हें दबोच लिया।तलाशी में पुलिस को 10 तोले का सोने का बिस्किट, 1 लाख 14 हजार रुपए नकद, दो टच स्क्रीन मोबाइल और अन्य सामान मिला है।

**दोनों पति-पत्नी का नक्सल इतिहास :**मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, जग्गू करीब 11 साल की उम्र में बीजापुर इलाके में नक्सल संगठन से जुड़ गया। वह पहले गंगालूर इलाके में एक्टिव था फिर माढ़ क्षेत्र में आ गया। 2008 तक उसने फोर्स के साथ लड़ाई की। इस दौरान वह नक्सल संगठन की कई अलग-अलग कमेटी का सदस्य भी रहा। वर्तमान में वह भैरमगढ़ डिवीजनल कमेटी डिविजनल कमेटी का मेंबर (DVC) था। जग्गू पर 8 लाख रुपए का इनाम था। वहीं उसकी पत्नी कमला एरिया कमेटी,ष्टरू मेंबर थी। उसके ऊपर 5 लाख का इनाम था।नक्सल कैडर में रहते हुए दोनों के बीच प्रेम संबंध हो गया। फिर उन्होंने शादी कर ली। इसके बाद वह रायपुर, दुर्ग-भिलाई जैसे कई अलग-अलग शहरों में रहकर नक्सल नेटवर्क को मजबूत करने के काम में लग गए। फिलहाल SIA पूछताछ में जग्गू से जानकारी निकलवाने में जुटी है।इनके खिलाफ डीडी नगर थाने में विधि विरुद्ध क्रियाकलाप एक्ट (UAPA) जैसी गंभीर धाराओं में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस मुख्यालय के आदेश पर केस को स्टेट इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (SIA) को सौंपा गया है।

# रायपुर में हेरोइन बेचने पहुंचा इंजीनियर पकड़ाया : भिलाई के युवक से खरीदे, टिकरापारा में डिलीवरी देने गए थे



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)।** राजधानी रायपुर में हेरोइन-ड्रग्स सप्लाई करने वाले युवकों पर पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। शुक्रवार (26 सितंबर) को टिकरापारा इलाके में एक इंजीनियर और उसका साथी हेरोइन बेचने पहुंचे थे। दोनों कस्टमर की तलाश कर ही रहे थे कि पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया।मामला टिकरापारा थाना क्षेत्र का है। पुलिस की पूछताछ में सामने आया है कि, आरोपियों ने भिलाई के रहने वाले शादाब नाम के युवक से हेरोइन लिया और उसे रायपुर में बेचने की तैयारी थी।उनके कब्जे से 9.22 ग्राम चिट्टा और गाड़ी पुलिस ने जब्त की है, जिसकी कीमत करीब 90 हजार बताई जा रही है। इस सिंडिकेट से जुड़े अन्य युवकों की तलाश पुलिस कर रही है।

**हेरोइन जब्त कर न्यायिक हिरासत में भेजा जेल :**आरोपियों ने पुलिस की पूछताछ में अपना नाम जागृत साहू और सत्यम सिंग बताया है। जागृत धमतरी के श्रीनगर कॉलोनी का और सत्यम रायपुर के श्री जी वैशाली कॉलोनी का रहने वाला है।आरोपियों से पुलिस ने हेरोइन जब्त करके न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। आरोपियों पर कार्रवाई करने की पुष्टि सीएसपी पुरानी बस्ती राजेश देवांगन ने की है।

**अब तक 40 से ज्यादा कार्रवाई :**रायपुर पुलिस ने बीते दो महीने में अभियान चलाकर नशीली सामग्री बेचने वाले आरोपियों पर पांच अलग-अलग थाना क्षेत्र में कार्रवाई की है। पुलिस की कार्रवाई में 40 से ज्यादा आरोपी हत्थे चढ़े है। इन आरोपियों में युवतियां भी शामिल है।

**आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी - पुलिस :**इन आरोपियों से करोड़ों की ड्रग्स, मोबाइल और गाड़ियां पुलिस ने जब्त की है। पुलिस अफसरों ने रायपुर का ड्रग्स सिंडिकेट तोड़ने के लिए रायपुर से लेकर पंजाब, मुंबई, दिल्ली तक में दबिश दी है। अफसरों का कहना है कि, नशीली सामग्री बेचने वाले आरोपियों पर ये कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# प्रतिकूल मौसम में भी राहत और मुनाफा लेकर आई पीएम सूर्यघर योजना

**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)।** छत्तीसगढ़ में अपनी छतों पर सोलर पैनल लगाकर बिजली बनाने और उसका उपयोग करने की प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना तेजी से लोकप्रिय हो रही है। इस योजना से घरों के बिजली बिलों में कटौती तो हो ही रही है, इसके साथ-साथ अतिरिक्त बिजली को ग्रिड में भेजकर मुनाफा भी हो रहा है। गरमी, उमस भरी बरसात या ठंड जैसे प्रतिकूल मौसम में भी इस योजना से बिजली की आबाध आपूर्ति के साथ-साथ आर्थिक लाभ भी हो रहा है। कोरबा जिले के कटघोरा में पड़ोसी ने पड़ोसी को देखकर अपनी छत पर सोलर पैनल लगवाया है।





कटघोरा कस्बे में ज्योति अनंत और गोरे सिंह राजपूत आसपास रहते हैं। ज्योति ने अपनी घर की छत पर सोलर पैनल लगवाकर अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा किया। उन्होंने बताया कि अब उनके घर के सभी उपकरण निर्बाध रूप से चल रहे हैं और घर की ऊर्जा का उत्पादन पूरी तरह आत्मनिर्भर है। ÷पहले गर्मी का मौसम चुनौतीपूर्ण लगता था, अब वही मौसम राहत और मुनाफा लेकर आता है। हम अपनी जरूरत की बिजली स्वयं बना रहे हैं और अतिरिक्त बिजली ग्रिड में भेजकर आर्थिक लाभ भी अर्जित कर रहे हैं। उन्होंने योजना की सबसे बड़ी खासियत यह बताई कि यह पर्यावरण के लिए सुरक्षित और हरित ऊर्जा के लिए लाभकारी है। उनकी छत केवल बिजली उत्पादन का केंद्र ही नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और हरित छत्तीसगढ़ में योगदान का प्रतीक बन गई है। पड़ोसी से प्रेरित होकर गोरे सिंह राजपूत ने भी प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का लाभ उठाया। उन्होंने बताया कि योजना के माध्यम से उनके घर की छत पर तीन किलोवाट का सोलर पैनल इंस्टॉल हुआ, जिसकी कुल लागत एक लाख 95 हजार रुपये थी और केंद्र सरकार की 78 हजार रुपये की सब्सिडी मिली। उन्होंने बताया कि अब उनका मासिक बिजली बिल लगभग शून्य हो गया है और घर की विद्युत आपूर्ति के लिए वे पूरी तरह आत्मनिर्भर है। राजपूत ने कहा, ÷सौर ऊर्जा अपनाकर हम न केवल अपने खर्च में संतुलन ला रहे हैं, बल्कि पर्यावरण की रक्षा में भी योगदान दे रहे हैं। इस योजना से हमारा जीवन आसान और आर्थिक रूप से सशक्त हुआ है। यह अनुभव अन्य स्थानीय निवासियों के लिए भी प्रेरणा बन रहा है।प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री साय ने इस योजना के माध्यम से नागरिकों को स्वच्छ और सस्ती ऊर्जा उपलब्ध कराई है। इस पहल से परिवारों में आत्मनिर्भरता, आर्थिक स्थिरता और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिला है। ज्योति और गोरे सिंह राजपूत ने योजना के लिए अपना हृदय से धन्यवाद व्यक्त किया और भविष्य में इस तरह की योजनाओं के निरंतर लाभ की उम्मीद जताई।

प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना देश के आम नागरिकों के लिए स्वच्छ ऊर्जा और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बन चुकी है। योजना का उद्देश्य आम नागरिकों को हरित ऊर्जा अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना, घरेलू खर्च में संतुलन लाना और आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम बढ़ाना है। इस योजना के तहत रियायती दरों पर सोलर पैनल उपलब्ध कराए जाते हैं और केंद्र सरकार द्वारा 78 हजार रुपये की सब्सिडी और राज्य सरकार से रूपये 30 हजार की राशि लाभार्थियों को प्रदान की जाती है।

# अग्निवीर योजना : लिखित परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के लिए पुलिस विभाग का निशुल्क विशेष प्रशिक्षण शिविर पांच अक्टूबर से




**मीडिया ऑडीटर, रायगढ़ (निप्र)।** शासन की महत्वाकांक्षी अग्निवीर योजना में लिखित परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को अब शारीरिक दक्षता (फिजिकल टेस्ट) की तैयारी के लिए पुलिस विभाग की ओर से विशेष ट्रेनिंग दी जाएगी। इस संबंध में वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं।जिला प्रशासन और पुलिस विभाग के संयुक्त प्रयास से इस वर्ष भी पुलिस लाइन उर्दना में निशुल्क विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर मयंक चर्तुवेदी और पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के मार्गदर्शन में आयोजित होने वाले इस प्रशिक्षण शिविर में लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों को कई सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल ने शनिवार को बताया कि प्रशिक्षण शिविर में अभ्यर्थियों के लिए निशुल्क रहने और खाने की व्यवस्था रहेगी। साथ ही पुलिस विभाग के विशेष प्रशिक्षकों द्वारा उन्हें शारीरिक दक्षता की विस्तृत तैयारी कराई जाएगी। प्रतिभागियों को प्रशिक्षण के दौरान आवश्यक किट भी निशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी।

उन्होंने कहा कि शिविर का मुख्य उद्देश्य युवाओं को शारीरिक एवं मानसिक रूप से सशक्त बनाना है, ताकि अधिक से अधिक अभ्यर्थियों का चयन अग्निवीर योजना में सुनिश्चित हो सके। प्रशिक्षण के साथ-साथ समय-समय पर अधिकारियों द्वारा मोटिवेशनल सेशन भी आयोजित किए जाएंगे, जिससे युवाओं में आत्मविश्वास, अनुशासन और प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित हो।

प्रशिक्षण शिविर का विधिवत शुभारंभ 5 अक्टूबर से होगा।अग्निवीर योजना की लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थी इस शिविर में शामिल होने के लिए रक्षित निरीक्षक अमित सिंह (मोबाइल नंबर 9479193208) से संपर्क कर सकते हैं।

# भारी बारिश का अलर्ट दुर्ग और रायपुर संभाग में



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)।** छत्तीसगढ़ समेत आस-पास के प्रदेशो में मानसून अपनी विदाई के लिए तैयार है। जाते-जाते मानसून जमकर तांडव मचा रहा है। राजधानी रायपुर समेत छत्तीसगढ़ के कई अलग-अलग जिलों शुक्रवार रात से जमकर बारिश हो रही है। लगातार हो रही बारिश के चलते तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। इतना ही नहीं रात भर बारिश होने के चलते राजधानी के कई इलाकों में पानी भर गया है। वहीं दूसरी तरफ छत्तीसगढ़ मौसम विभाग ने रायपुर और दुर्ग संभाग समेत प्रदेश के अन्य कई जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, रायपुर, बलौदाबाजार, धमतरी, गरियाबंद, महासमुंद, दुर्ग, बालोद, बेमेतरा, राजनांदगांव, कबीरधाम, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी, रायगढ़, सारंगढ़, बिलाईगढ़, बस्तर, कोंडागांव और कांकेर में हल्की से भारी बारिश होगी। मौसम विभाग ने इन सभी जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके साथ ही मौसम विभाग ने गरज-चमक की भी आशंका जताई है।

इसके साथ ही मौसम विभाग ने प्रदेश के कई जिलों में बिजली गिरने की भी संभवना जताई है। मौसम विभाग ने गरज-चमक के साथ बिजली गिरने और भारी बारिश होने की संभावना जताई है। मौसम विभाग ने जनता से बेवजह घर से निकलने से बचने की सलाह दी है। इसके साथ ही मौसम विभाग ने बारिश के दौरान खुले में ना रहने की सलाह भी लोगों को दी है।

# गोदावरी स्टील प्लांट हादसे में मृतकों को न्याय दिलाने कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)।** औद्योगिक क्षेत्र सिलतरा स्थित गोदावरी स्टील प्लांट हादसे में 6 मजदूरों की मौत और कई मजदूरों के घायल होने की घटना को लेकर कांग्रेस असंगठित क्षेत्र समस्या निवारण प्रकोष्ठ ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद सिद्दीक के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में हादसे की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की गई। साथ ही मृत मजदूरों के परिजनों को 50-50 लाख रुपये का मुआवजा और घायलों को 20 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की बात कही गई। मोहम्मद सिद्दीक ने कहा कि यह हादसा बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है और मजदूरों को न्याय दिलाने के लिए सरकार को सख्त कदम उठाने होंगे।ज्ञापन सौंपने के दौरान आनंद पांचाल, प्रदेश सचिव शब्बीर खान, राजेश त्रिवेदी, शरद गुप्ता, मनोज यादव, करन राज, कमल भाई, राजेश कटारे, मोहम्मद आलम, काका सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद रहे।

# सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत नागपुर मंडल द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** शनिवार को नागपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। इस शिविर का शुभारंभ सम्माननीय जिले की मुखिया चंपा देवी पावले के द्वारा भारत माता जी के छाया चित्र पर पुष्प अर्पण एवं दीप प्रज्वलित करके किया गया।

इस अवसर पर, सम्माननीय भाजपा जिला अध्यक्ष चंपा देवी पावले जी ने समस्त डॉक्टरों को गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। उन्होंने डॉक्टरों की मेहनत और सेवा की सराहना की और कहा कि उनका योगदान समाज के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

इस कार्यक्रम में उपस्थित अन्य गणमान्य व्यक्तियों में भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष संजय राय, जिला प्रवक्ता जमुना पांडे, विधायक प्रतिनिधि श्याम बिहारी जयसवाल, मंडल अध्यक्ष मुनीम सिंह, मंडल महामंत्री अमित राय, सरपंच ललन सिंह, सरभोका जनपद सदस्य रमाशंकर सिंह, मंडल उपाध्यक्ष मनोज शुक्ला, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष राहुल जयसवाल, ऊदल जसवाल, दीपक यादव, विनीत रजवाड़े, आशीष राय, मनोज साहनी, विष्णु जयसवाल, और अमित साहू शामिल थे।

# पीएम सूर्यघर योजना : राहत, सब्सिडी और स्वच्छ ऊर्जा की सौगात



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)।** प्रधानमंत्री सूर्यघर योजनांतर्गत आमजनों को राहत, सब्सिडी और स्वच्छ ऊर्जा की सौगात मिल रही है। यह योजना आमजनों को मंहगे बिजली बिल से बड़ी राहत मिल रही है। इसके साथ ही ग्रीन एनर्जी को भी बढ़ावा मिल रहा है। इस योजना लाभान्वित मुंगेली जिले के हितग्राही सुधीर सोनी ने अपने घर में 05 किलोवाट का सोलर पैनल स्थापित किया है। योजना से पहले उनका बिजली बिल प्रतिमाह 07 से 08 हजार रुपये और कई बार 09 हजार रुपये तक पहुँच जाता था, लेकिन अब सौर ऊर्जा के उपयोग से उनका मासिक खर्च काफी कम हो गया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद ज्ञापित किया है।सोनी ने बताया कि उनके घर में स्थापित 05 किलोवाट के सोलर पैनल से प्रतिदिन औसतन 400 यूनिट बिजली का उत्पादन हो रहा है, जिससे उनका घर रोशन हो रहा है। उन्होंने कहा कि यह योजना आमजन के लिए बेहद लाभकारी है। पैनल लगवाने के सिर्फ एक सप्ताह के भीतर ही उन्हें केंद्र सरकार से 88,000 रुपये की सब्सिडी प्राप्त हो गई, इसके बाद छत्तीसगढ़ राज्य सरकार से भी 30 हजार रुपये का अनुदान उन्हें प्राप्त हुआ। इस प्रकार कुल मिलाकर सोनी को एक लाख 18 हजार रुपये की सब्सिडी मिली। उन्होंने कहा कि सौर ऊर्जा न केवल बिजली बिल के बोझ से मुक्ति दिला रही है, बल्कि पर्यावरण के लिए भी वरदान साबित हो रही है। इससे प्रदूषण में कमी आ रही है और स्वच्छ ऊर्जा के प्रसार से आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित भविष्य मिलेगा।

## जंगल में जुआ रोकने में नाकाम एसआई निलंबित

**नर्मदापुरम, एजेंसी।** नर्मदापुरम जिले में सिवनीमालवा तहसील के केवलाझिर के जंगल में लंबे समय से चल रहे जुआ फड़ के मामले में



कार्रवाई करते हुए बीट प्रभारी उप निरीक्षक (एसआई) शहजाद खान को निलंबित कर दिया गया है। निलंबन का आदेश एसपी साईकृष्णा एस थोटा ने जारी किया है। निलंबन आदेश में यह बताया गया कि नंदरवाड़ा बीट क्षेत्र के केवलाझिर जंगल में लंबे समय से जुआ खेला जा रहा था। इसके बाद भी बीट प्रभारी शहजाद खान द्वारा इसे रोकने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। इस लापरवाही को गंभीर मानते हुए उन्हें 26 सितंबर की दोपहर से निलंबित कर, रक्षित केंद्र नर्मदापुरम में अटैच किया गया है। केवलाझिर जंगल में 22 सितंबर की रात को जुआ खेल रहे युवकों पर करीब 12 से 15 असामाजिक तत्वों ने हमला कर दिया। बताया गया कि हमलावरों का इरादा लूटपाट का था। इस दौरान गोली चलने जैसी आवाज सुनाई दी, लेकिन इसकी पुष्टि नहीं हो सकी। अचानक हुए हमले के चलते वहां भगदड़ मच गई। भागते समय शिवपुर निवासी 17 वर्षीय विकास सिसोदिया की करंट लगने से मौत हो गई। इस घटना से क्षेत्र में आक्रोश फैल गया। घटना के विरोध में करणी सेना ने सख्त रुख अपनाते हुए मुख्यमंत्री और गृहमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। मांग की गई कि मृतक के परिवार को 25 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जाए। साथ ही दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की गई। सर्व समाज की ओर से भी ज्ञापन सौंपकर समर्थन दिया गया।

## रैपुरा में जुआ फड़ पर छापा, 9 गिरफ्तार



**पन्ना, एजेंसी।** पन्ना पुलिस ने रैपुरा क्षेत्र में जुआ के एक फड़ पर छापा मारकर नौ लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 34,270 रुपये नगद सहित कुल 4 लाख 26 हजार 70 रुपए का सामान जब्त किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू के निर्देश पर की गई। थाना प्रभारी रैपुरा ने 27 सितंबर को बताया कि 26 सितंबर की देर रात मुखबिर से सूचना मिली थी। जानकारी के अनुसार, भरवारा (रैपुरा–पन्ना रोड) स्थित एक मकान के बरामदे में बड़े पैमाने पर जुआ खेला जा रहा था। सूचना मिलते ही, पुलिस अधीक्षक द्वारा गठित टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए मौके पर छापा मारा। छापे के दौरान, नौ व्यक्तियों को ताश के पत्तों से रुपये–पैसे का दांव लगाते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। पुलिस ने जुआरियों के पास से 34,270 रुपये नगद, लगभग 1,06,800 रुपये मूल्य के नौ मोबाइल फोन और लगभग 2,85,000 रुपये मूल्य की चार मोटरसाइकिलें जब्त कीं। जब्त की गई कुल सामग्री का मूल्य 4,26,070 रुपये है। गिरफ्तार किए गए सभी आरोपी भरवारा, थाना रैपुरा, जिला पन्ना के निवासी हैं। इनमें लल्लू लोधी (53), राजेश जैन (48), दयाराम लोधी (49), बालचन्द्र लोधी (38), निसार खान (30), धनीराम लोधी (40), नीरज सिंह (28), पुरुषोत्तम चौबे (50) और अभय जैन (31) शामिल हैं। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ जुआ अधिनियम की धारा 13 के तहत मामला दर्ज किया है।

## 10 किलो गांजे के साथ दो तस्कर पकड़ाए



**राजगढ़, एजेंसी।** राजगढ़ जिले में नशे का कारोबार दिनों–दिन जड़ें जमाने लगा था, लेकिन खिलचीपुर पुलिस ने दो तस्करों को पकड़कर इस नेटवर्क को बड़ा झटका दिया। पुलिस ने बामनगांव रोड पर घेराबंदी कर 10 किलो 20 ग्राम गांजे के साथ दो युवकों को दबोच लिया।

जब्त माल की कीमत करीब 1 लाख रुपए आंकी गई है, जबकि तस्करों के पास से एक होंडा साइन मोटरसाइकिल भी मिली, जिसकी कीमत लगभग 60 हजार रुपए बताई गई। शुक्रवार की शाम एसडीओपी धर्मवीर सिंह नागर ने थाना प्रभारी उमाशंकर मुकाती के साथ मिलकर खिलचीपुर थाने में मीडिया को मामले की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि दो युवक गांजा लेकर मोटरसाइकिल से आ रहे हैं। घेराबंदी के दौरान पुलिस ने उन्हें रोककर तलाशी ली तो बीच में रखे बोरे से भारी मात्रा में गांजा निकला। आरोपियों की पहचान बालूसिंह पिता कंवरलाल दांगी निवासी लक्ष्मणपुरा और संजय पिता रामचरण दांगी निवासी चौसला थाना खुजनेर के रूप में हुई। दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। एसपी अमित तोलानी और एएसपी के.एल. बंजारे के निर्देशन में चल रहे अभियान के तहत एसडीओपी धर्मवीर सिंह नागर व थाना प्रभारी उमाशंकर मुकाती की अगुवाई में यह कार्रवाई की गई। टीम में उपनिरीक्षक धर्मवीर सिंह पलैया, एएसआई रविन्द्र मुजाल्दे, प्रधान आरक्षक राजेन्द्र शर्मा,राजीव गुर्जर सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

## अवैध हथियार निर्माण, तस्कर के खिलाफ कार्रवाई



**बुरहानपुर, एजेंसी।** एसपी देवेन्द्र कुमार पाटीदार ने जिले में अवैध हथियार निर्माण, खरीद–फरोख्त और परिवहन पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। इसी कार्रवाई के तहत खकनार थाना पुलिस ने पांगरी रोड पुरानी गुरु गोविंद स्कूल के पास दबिश देकर एक आरोपी को गिरफ्तार किया और उसके कब्जे से 01 हस्तनिर्मित देशी पिस्टल जब्त की। पुलिस ने पकड़े गए युवक की पहचान रहेराजसिंह उर्फ रेराससिंह (35), पिता विक्रमसिंह पटवा, निवासी ग्राम पाचोरी के रूप में की है। पिस्टल की अनुमानित कीमत 20,000 रूपए बताई जा रही है। आरोपी पर पहले से भी आर्म्स एक्ट का एक मामला दर्ज है। अभियुक्त से अवैध हथियारों से जुड़े अन्य पहलुओं की पूछताछ की जा रही है। इस कार्रवाई में सहायक उपनिरीक्षक तारक अली, प्रधान आरक्षक अमित अवस्थी, अजय अजनारे, जितेन्द्र चौहान, सुनिल धुर्वे, विजेन्द्र देवल्य और अनिल डावर शामिल रहे।

# पलसोड़ा फंटे से लेकर गांव तक सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढें

### समय से पहले रोड खराब, सरिए निकले; ग्रामीण बोले- आंदोलन करेंगे



**रतलाम,एजेंसी।** रतलाम के सैलाना रोड स्थित पलसोड़ा फंटे से लेकर पलसोड़ा गांव तक की सड़क खराब हो गई है। रोड पर बड़े-बड़े गड्डे हो गए है। सड़क पर बनी पुलिया पर सरिए निकल आए है। कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग का भी इस ओर ध्यान दिलाया। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। अब ग्रामीण विरोध प्रदर्शन की तैयारी कर रहे है।

जानकारी के अनुसार, पलसोड़ा फंटे से लेकर पलसोड़ा गांव होते हुए पंचेड़, नौगावां, अंगेठी से हतनारा मार्ग तक 19 किमी की सड़क प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में बनी हुई है। रोड की गारंटी अवधि 20 मार्च 2026 तक की है। लेकिन, इसके पहले ही पलसोड़ा से पंचेड़ के करीब 7 से 8 किमी की रोड जर्जर हालात में हो गई है।

लोगों ने बताया कि खासकर पलसोड़ा फंटे से लेकर पलसोड़ा गांव तक की रोड की हालत काफी खराब है। रोड के बीच-बीच बड़े गड्डे हो गए है। डामर बाहर निकल कर आ गया है। इस रोड पर स्कूल भी है। विद्यार्थियों का आना-जाना भी लगा रहता है।

गांव के अंदर गुजर रहे नाले की पुलिया का ऊपरी मार्ग पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। रोड पर लोहे के सरिये निकल आए। इनके बीच से वाहन चालकों को अपने वाहन निकालने पड़ रहे है। जिससे हादसे का डर बना हुआ है। समय से पहले रोड खराब होने पर रोड की गुणवत्ता व रोड बनाने वाले विभाग के कार्यो पर सवालिया निशान लग रहे है।

### पांच गांवों के लोगों का आना–जाना

पलसोड़ा गांव के सत्तू व्यास ने बताया 19 किमी के इस सड़क मार्ग से करीब 5 गांवों के लोगों का रतलाम शहर में आना-जाना लगा रहता है। पलसोड़ा गांव के अंदर बीच में बनी सीमेंट की रोड पर भी दरारें पड़ गई है और गड्डे हो रहे है। लेकिन जिम्मेदार कोई देखने वाले नहीं है। आए दिन ग्रामीण गड्डों के कारण अपने वाहन से गिर रहे है।

### आंदोलन की तैयारी

पलसोड़ा ग्राम पंचायत के उपसरपंच श्याम व्यास ने बताया पलसोड़ा फंटे से लेकर पलसोड़ा गांव तक सड़क पर बड़े-बड़े गड्डे हो गए है। संबंधित विभाग को भी सूचना कर दी है। लेकिन कोई ध्यान नहीं दे रहा है। आए दिन ग्रामीण अपने वाहनों से गिर रहे है। समय रहते अगर विभाग ने रोड सही नहीं किया पलसोड़ा फंटे पर रतलाम-सैलाना रोड पर ग्रामीणों के साथ चक्काजाम किया जाएगा।

# जिले में लगाए जाएंगे 15 हजार पौधे

**रायसेन, एजेंसी।** सेवा पखवाड़े के अंतर्गत रायसेन जिले के सुल्तानगंज में शुक्रवार को पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान प्रभारी मंत्री नारायण सिंह पवार ने पौधा लगाकर लोगों को पर्यावरण संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण का संदेश दिया।

कार्यक्रम में सांची विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी, पूर्व विधायक रामपाल सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी, वन विभाग के कर्मचारी और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

**प्रभारी मंत्री ने अपने संबोधन में कहा:** पर्यावरण बचाने की जिम्मेदारी हम सभी की है, और पौधारोपण जैसे अभियान से आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ वातावरण मिल सकेगा।

### सेवा पखवाड़े में प्रभारी मंत्री ने किया पौधारोपण



**रायसेन वनमंडल में 15 हजार पौधों का लक्ष्य:** कार्यक्रम का आयोजन वनमंडल अधिकारी प्रतिभा शुक्ला के मार्गदर्शन में किया गया। सेवा पखवाड़े के दौरान रायसेन वनमंडल के सभी परिक्षेत्रों में कुल 15 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य तय किया गया है।

### माय लाइफ पोर्टल पर अपलोड करेंगे जानकारी

इस दौरान माय लाइफ पोर्टल पर भी पौधारोपण की जानकारी अपलोड की जाएगी, जिससे पारदर्शिता बनी रहे और लोग प्रेरित हों। साथ ही कार्यक्रम के अंतर्गत स्वच्छता अभियान भी चलाया जा रहा है, जिसमें सार्वजनिक स्थलों की सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया जा रहा है।

# मानसून की विदाई में सागर में फिर बारिश

### खेतों में कटी रखी और खड़ी फसलों में भरा पानी



**सागर,एजेंसी।** मानसून की विदाई के बीच सागर जिले में शुक्रवार रात अचानक मौसम बदल गया और गरज-चमक के साथ बारिश हुई। शहर के अलावा ग्रामीण इलाकों में भी झमाझम बारिश हुई। बारिश से खेतों में खड़ी और कटी हुई सोयाबीन की फसल को नुकसान हुआ और पानी जमा हो गया।

शहर के साथ ही रहली, गढ़ाकोटा, देवरी, केसली, राहतगढ़ सहित अन्य क्षेत्रों में पानी गिरा। शनिवार सुबह से आसमान में बादल छाए हैं और वातावरण में ठंडक बनी हुई है। लोगों को उमसभरी गर्मी से कुछ राहत मिली है।

**तापमान और बारिश की जानकारी:** इस समय सागर का अधिकतम तापमान 34.3 डिग्री और न्यूनतम 22.5 डिग्री सेल्सियस है। पिछले 24 घंटों में जिले के कुछ स्थानों पर हुई बारिश-

- केसली – 0.94 इंच
- गढ़ाकोटा – 0.91 इंच
- रहली – 0.75 इंच
- देवरी – 0.79 इंच
- राहतगढ़ – 0.43 इंच

मौसम विभाग के अनुसार, टर्फ और निम्न दबाव के क्षेत्र की सक्रियता बढ़ने के कारण बारिश हो रही है। अगले 24 घंटों में जिले के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश हो सकती है।

### सीजन की अब तक की बारिश

इस मानसून सीजन में सागर जिले में अब तक 44.7 इंच औसत बारिश हुई है।

सबसे अधिक पानी देवरी में 58.3 इंच और केसली में 58 इंच गिरा। पिछले साल इसी अवधि में 50.9 इंच बारिश हुई थी।

**बारिश का रिकॉर्ड**

सागर – 38.1 इंच
जैसीनगर – 48.4 इंच
राहतगढ़ – 53.9 इंच
बीना – 37.4 इंच
खुरई – 46.9 इंच
मालथौन – 37.8 इंच हुई ।

# स्कूल छोड़ने वाले ऑटो चालक ने दोस्ती की, रेप किया

### नाबालिग बोली- शाहिल ने फोटो एडिट किए, धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाया

**खंडवा, एजेंसी।** खंडवा जिले के मांधाता थाना क्षेत्र में 17 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ रेप का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी टैम्पो चालक के खिलाफ रेप, पॉक्सो एक्ट, एट्रोसिटी एक्ट और लव जिहाद की धारा सहित कई गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज की है। आरोपी ने पीड़िता को धमकी दी, ब्लैकमेलिंग की और धर्म परिवर्तन का दबाव भी बनाया।

पीड़िता ने बताया कि वह स्कूल जाने के लिए जिस टैम्पो से सफर करती थी, उसी टैम्पो चालक शाहिल से उसकी जानपहचान हो गई थी। पहले दोस्ती और मोबाइल पर बातचीत के बाद आरोपी ने 14 अप्रैल को उसे अपने घर बुलाया, जहां उसने बलात्कार किया और फोटो खींच ली। इसके बाद आरोपी ने फोटो एडिट कर वायरल करने की धमकी दी और धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने लगा। जब पीड़िता ने फोटो डिलीट करने को कहा तो आरोपी ने पैसों की मांग की और फोटो डिलीट नहीं किए।

### बार–बार मिलने का दबाव और जान से मारने की धमकी

पीड़िता के अनुसार, घटना के बाद आरोपी ने उसे कई बार अपने घर बुलाकर जबरदस्ती की और हर बार ब्लैकमेल कर धमकी देता रहा कि यदि मुस्लिम धर्म नहीं अपनाया तो वह और उसके परिवार को जान से मार देगा। डर के कारण पीड़िता ने काफी समय तक किसी को कुछ नहीं बताया, लेकिन आखिरकार पूरी बात परिवार को बताई गई।

### पुलिस ने गंभीर धाराएं लगाईं

पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर आरोपी टैम्पो चालक शाहिल के विरुद्ध रेप, पाक्सो, एससी/एसटी एक्ट, लव जिहाद सहित अन्य संबंधित धाराओं में मामला पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बयान, डिजिटल साक्ष्य और धमकी व ब्लैकमेलिंग के तथ्य भी जांच में शामिल किए हैं। ऐसे मामलों में पुलिस ने डीएसपी स्तर के अधिकारी को जांच प्रभारी बनाया है और साइबर सेल की मदद से साक्ष्य एकत्र किए जा रहे हैं।

### जिले में अन्य मामलों की भी जांच

हिंदू संगठनों ने दावा किया है कि इसी प्रकार के सात केस और हैं, जिनकी पुलिस द्वारा व्यापक जांच की जा रही है। पुलिस ने कहा है कि ऐसे सभी मामलों में तेजी से कार्रवाई की जाएगी।



# मनासा के काना की बारद में छात्र नदी में डूबा

### स्कूल से लौटने के बाद हुआ हादसा, दूसरे दिन जाल में फंसी मिली लाश

**नीमच, एजेंसी।** नीमच जिले के मनासा थाना क्षेत्र के काना की बारद गांव में एक छात्र की नदी में डूबने से मौत हो गई। शुक्रवार शाम को शौच के लिए नदी किनारे गया छात्र लव बंजारा पैर फिसलने से गहरे पानी में चला गया था। शनिवार सुबह उसका शव जाल में फंसा मिला।

जानकारी के अनुसार, मनासा तहसील की ग्राम पंचायत मालखेड़ा के काना की बारद निवासी लव (पिता इंदर सिंह बंजारा) शुक्रवार को स्कूल से लौटने के बाद गांव के पास नदी किनारे शौच करने गया था। इसी दौरान उसका पैर फिसल गया और वह नदी में डूब गया।

बालक के डूबने की सूचना मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई और पुलिस भी पहुंची। ग्रामीणों ने जाल डालकर बच्चे को नदी में खोजने का काफी प्रयास किया, लेकिन उसका पता नहीं चल सका। मौके पर बच्चे की चप्पल मिली थी। शनिवार सुबह बालक का शव नदी में तैरता हुआ दिखाई दिया, जो ग्रामीणों द्वारा लगाई गई जाली में फंस गया था। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए मनासा के शासकीय अस्पताल भिजवाया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# युवक की संदिग्ध मौत, ससुराल जाने के बाद अस्पताल में मिला; इलाज के दौरान दम तोड़ा

**बालाघाट, एजेंसी।** बालाघाट जिले के वारासिवनी में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। अमृत नगर निवासी सुरेंद्र भूते ने जिला अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। उसकी मौत का कारण अभी स्पष्ट नहीं है, लेकिन उसके मुंह से जहरीली दवा की गंध आने से जहर सेवन की आशंका जताई जा रही है। अस्पताल चौकी पुलिस ने डॉक्टर की तहरीर पर शव को कब्जे में ले लिया है। पुलिस युवक के परिजनों के बयान दर्ज कर रही है। ससुराल पक्ष के लोगों के आने के बाद ही शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। परिजनों ने बताया कि सुरेंद्र का विवाह 2023 में वारासिवनी की हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी की एक युवती से हुआ था। शादी के कुछ समय बाद वह ससुराल में ही रह रहा था। वाहन मिस्त्री का काम करने वाला सुरेंद्र करीब 15 दिन पहले ससुराल से वापस अपने घर आ गया था।

# पंडित मिश्रा बोले : रोगी-बुजुर्गों को भोजन कराना सबसे बड़ा धर्म

**सीहोर, एजेंसी।** कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने हाल ही में एक ऑनलाइन चर्चा के दौरान कहा कि किसी भी धार्मिक अनुष्ठान से पहले रोगी और बुजुर्गों के लिए भोजन की व्यवस्था करना सबसे बड़ा धर्म है। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों की सेवा करना परोपकार का कार्य है और यह मानवतावादी दृष्टिकोण पर आधारित है।पंडित मिश्रा ने बताया कि यदि घर में कोई अनुष्ठान हो और पूजन में देरी हो रही हो, तो सबसे पहले घर में मौजूद रोगी या बुजुर्ग के लिए खाने-पीने की व्यवस्था करनी चाहिए। उनके अनुसार यह उनके लिए औषधि के समान है और इससे समाज में सेवा भाव बढ़ता है।

### नवरात्रि का भव्य आयोजन

नवरात्रि के पावन अवसर पर कुबेरेश्वरधाम में सुबह चार क्विंटल से अधिक मावे की बर्फी का भोग लगाया गया। भंडारे में पहुंचे श्रद्धालुओं को भोजन के साथ मावे की बर्फी की प्रसादी का वितरण किया गया।

### कुबेरेश्वरधाम का महत्व

पंडित मिश्रा ने बताया कि कुबेरेश्वरधाम में कंकर-कंकर में भगवान शंकर का वास है।

### कुबेरेश्वरधाम पर नवरात्रि में चार क्विंटल बर्फी का भोग लगा



**शिव भक्ति आसान है**

पंडित मिश्रा ने कहा कि शिव भक्ति कठिन नहीं, बल्कि सरल है। शिव महापुराण के अनुसार, भगवान भोलेनाथ को प्रसन्न करने के लिए जटिल तंत्र या घंटों की साधना की आवश्यकता नहीं है। केवल एक लोटा जल अर्पित करने से सभी समस्याओं का समाधान हो जाता है।

बेलपत्र के वृक्ष के नीचे दीपक जलाने, जड़ में दीपक अर्पित करने या बैठकर जप करने से धन, सुख-समृद्धि, संतान और स्वास्थ्य लाभ मिलता है। बेलपत्र भगवान शिव का प्रिय वृक्ष है और इसकी जड़ में शिव का वास होता है।

# कैलाश विजयवर्गीय के स्वागत में शामिल नेता की जेब कटी, फूल बरसाते समय चोरी हुए 35 हजार रुपए; 2 आरोपी पहचाने गए

**शाजापुर (उज्जैन), एजेंसी।** शाजापुर में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के स्वागत समारोह के दौरान भाजपा नेता के 35 हजार रुपए चोरी हो गए। यह घटना 25 सितंबर 2025 को छोटा सनकोटा बायपास पर हुई। पीड़ित ने शुक्रवार शाम को दो आरोपियों की पहचान कर लालघाटी थाने पर पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है। भाजपा नेता एवं नोवेल्टी मोबाइल दुकान के संचालक अंकित तंवर (29) ने पुलिस को बताया कि वे अपने दोस्तों के साथ मंत्री के स्वागत के लिए गए थे। दोपहर करीब 12:30 से 1:00 बजे के बीच जब वे फूल बरसा रहे थे, तब उन्हें अपनी पैंट की पिछली जेब से 35 हजार रुपए गायब होने का एहसास हुआ। यह राशि उनकी दुकान के गल्ले की थी। रुपए गायब होने के तुरंत बाद, अंकित ने दो लोगों को मोटरसाइकिल पर जेल तिराहा, शाजापुर की ओर भागते देखा। बाद में, उन्होंने अपने दोस्त निलेश चंद्रवंशी के मोबाइल में स्वागत समारोह के वीडियो और फोटो देखे। इन तस्वीरों में उन्हें लोंदिया निवासी धर्मेंद्र जाट और विजेंद्र जाट दिखाई दिए, जिन्हें वे पहले से जानते थे। अंकित तंवर ने पुलिस को बताया कि धर्मेंद्र जाट और विजेंद्र जाट ही उनकी जेब से रुपए चुराकर भागे थे। वीडियो और फोटो के आधार पर उन्होंने शाजापुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। लालघाटी थाना प्रभारी अर्जुन सिंह मुजाल्दे का कहना है कि फरियादी की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है आरोपियों की तलाश की जा रही है।



0000000000000

# श्रीलंका की करीबी हार पर जयसूर्या की तीखी टिप्पणी, उस समय लय बदल गई



**नई दिल्ली, एजेंसी।** श्रीलंका के मुख्य कोच सनथ जयसूर्या ने एशिया कप के सुपर ओवर में भारत से मिली हार पर अपनी राय साझा की। श्रीलंकाई टीम को सुपर ओवर में मामूली हार का सामना करके भारतीय टीम ने टूर्नामेंट में अपनी अपराजेयता बरकरार रखी।

श्रीलंका के पास निर्धारित ओवरों में खेल खत्म करने का मौका था क्योंकि उन्हें आखिरी गेंद पर तीन रन चाहिए थे। हालांकि अक्षर पटेल द्वारा गेंद को आसानी से पकड़ने में नाकाम रहने के बावजूद दासुन शनाका ने तीसरा रन नहीं लिया। ऐसा लग रहा था कि श्रीलंका को बस दूसरा रन लेने की चिंता थी और इसीलिए उन्होंने डाइव लगाकर उसे पूरा किया। जयसूर्या खुश नहीं थे कि मैच सुपर ओवर तक गया क्योंकि वह चाहते थे कि मैच सामान्य समय में ही खत्म हो जाए।

जयसूर्या ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, मैं मैच को सामान्य समय में ही खत्म करना पसंद करता। कोई भी कप्तान या कोच सुपर ओवर में नहीं जाना चाहता। दुर्भाग्य से, दासुन तीसरा रन पूरा करने से चूक गए। लेकिन नहीं, भारत के खिलाफ कोई मानसिक अवरोध नहीं है। हमारा बल्लेबाजी क्रम मजबूत है और हमने उन्हें आत्मविश्वास दिया है। 200 203 के लक्ष्य का पीछा करना कभी आसान नहीं होता, लेकिन हमने लगभग कर ही लिया, जो हमारी क्षमता को दर्शाता है।

जयसूर्या ने आगे कहा, जब आप 202 203 के लक्ष्य का पीछा कर रहे होते हैं, तो आपको लगातार बाउंड्री लगानी होती हैं। उनकी साझेदारी अहम थी। जब हमने विकेट गंवाने शुरू किए, तो लय बदल गई। लक्ष्य का पीछा करते समय ऐसा होना स्वाभाविक है क्योंकि किसी को भी जोखिम उठाना पड़ता है। दुर्भाग्य से, पथुम गलत समय पर आउट हो गए और बाद में गेंद ज्यादा टर्न लेने लगी। फिर भी, यह क्रिकेट का एक बहुत अच्छा मैच था। गौर है कि भारत बनाम श्रीलंका मैच में सलामी बल्लेबाज पाथुम निसांका के आक्रामक शतक ने भारतीय गेंदबाजों को एशिया कप में पहली बार दबाव में ला दिया लेकिन सुपर ओवर में अर्शदीप सिंह के बेजोड़ प्रदर्शन से भारतीय टीम ने श्रीलंका को हराकर टूर्नामेंट में लगातार छठी जीत दर्ज की। शानदार फॉर्म में चल रहे अभिषेक शर्मा के टूर्नामेंट में तीसरे अर्धशतक की मदद से भारत ने पहले बल्लेबाजी के लिये भेजे जाने पर 20 ओवर में 5 विकेट पर 202 रन बनाये। जवाब में निसांका के शतक की मदद से श्रीलंका ने जीत की ओर लगभग कदम रख दिया था। लेकिन वे सुपर ओवर में रन बनाने में नाकाम रहे।

# चाइना ओपन में कोको गॉफ की विजयी शुरुआत, रूस की राखिमोवा को सीधे सेटों में हराया



**बीजिंग (चीनी), एजेंसी।** अमेरिका की दिग्गज टेनिस खिलाड़ी कोको गॉफ ने शुक्रवार को रूस की कामिला राखिमोवा को सीधे सेटों में हराकर चाइना ओपन में अपने खिताब के बचाव के अभियान की शुरुआत की। आज यहां खेले गये मुकाबले में गॉफ ने राखिमोवा को 6-4, 6-0 से हराया। 21 वर्षीय अमेरिकी टेनिस स्टार के लिए पहले सेट में युवा खिलाड़ी के खिलाफ शुरुआत थोड़ी मुश्किल रही, क्योंकि उन्हें चार ब्रेक पॉइंट का सामना करना पड़ा।

दूसरे सेट की शुरुआत में कुछ और ब्रेक पॉइंट बचाने के बाद, उन्होंने पहले दौर का मुकाबला मात्र 44 मिनट में जीत लिया। मैच के बाद गॉफ ने कहा, मुझे उम्मीद थी कि मुकाबला कांटे का होगा। वह एक बेहतरीन खिलाड़ी हैं और पिछले कुछ टूर्नामेंटों में उन्होंने शीर्ष खिलाड़ियों के साथ कड़ी टक्कर दी है। मैंने अपनी लय पकड़ ली और लय में आ गई।

कोई भी पहला राउंड हारना नहीं चाहता, इसलिए मुझे लगता है कि मैं थोड़ी तनाव में थी, लेकिन मैं खुद को संभालने में कामयाब रही और मुझे लगता है कि इसका असर मेरे स्कोर पर दिखा। गॉफ का अगला मुकाबला कनाडा की विश्व नंबर 25 खिलाड़ी लेयला फर्नांडीज़ से होगा, जिन्होंने मारिया सक्कारी को 6-2, 6-0 से हराया।

# श्रीलंका के कोच जयसूर्या ने बताया कहां रह गई कमी, टीम की क्षमता पर जताया भरोसा

**दुबई, एजेंसी।** श्रीलंका के मुख्य कोच सनथ जयसूर्या ने भारत के खिलाफ जीत का मौका गंवाने पर निराशा जताई। यह मैच एशिया कप के सुपर फोर चरण में दुबई में शुक्रवार को खेला गया।

निसांका की शानदार शतकीय पारी के बावजूद श्रीलंका सुपर ओवर में हार गया। जयसूर्या ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, वे मैच को सामान्य समय में खत्म करना चाहते थे, सुपर ओवर तक ले जाना किसी कप्तान या कोच की पहली पसंद नहीं होती। आखिरी रन पूरा न कर पाने की वजह से मैच बराबरी पर छूटा और सुपर ओवर खेलना पड़ा। भारत के खिलाफ कोई मानसिक बाधा नहीं है। हमारी बल्लेबाजी लाइन-अप मजबूत है, और हमने खुद में आत्मविश्वास भरा है। 200 (203) जैसे लक्ष्य का पीछा करना कभी आसान नहीं होता, पर हम लगभग सफल हो ही गए, जो हमारी क्षमता को दर्शाता है।



आखिरी ओवर में श्रीलंका को 12 रन चाहिए थे और निसांका 107 पर खेल रहे थे। लेकिन पहली ही गेंद पर उनका विकेट गिर गया। अंतिम गेंद पर दासुन शनाका ने दूसरा रन पूरा किया, लेकिन तीसरा रन लेने की कोशिश न कर सके और स्कोर बराबर हो गया। सुपर ओवर में टीम फिर लड़खड़ा गई।

निसांका ने 58 गेंदों पर 107 रन बनाए और कुसल परेरा (32 गेंदों पर 58) के साथ 127 रनों की साझेदारी की। जयसूर्या ने बताया कि निसांका पूरे दम से खेले। उन्होंने परेरा की भी तारीफ की कि वे टीम के सबसे अच्छे स्पिन खेलने वाले बल्लेबाज हैं और उन्होंने यह जिम्मेदारी निभाई।

श्रीलंका सुपर फोर में एक भी मैच नहीं जीत पाया। पहले बांग्लादेश और फिर पाकिस्तान से भी हार मिली। कोच ने कहा कि टीम परिस्थितियों के अनुसार जल्दी ढल नहीं सकी। उन्होंने माना कि बांग्लादेश के खिलाफ 168 का स्कोर बचाया जा सकता था लेकिन गेंदबाजी कमजोर रही। पाकिस्तान के खिलाफ भी पिच का सही आकलन देर से किया।

इसके बावजूद जयसूर्या ने टीम पर भरोसा जताया। उन्होंने कहा कि भारत ने बहुत अच्छा खेला और 200 से ज्यादा रन बनाए, लेकिन श्रीलंका भी उस लक्ष्य के करीब पहुंचा। अगर टीम सही योजना के साथ परिस्थितियों के अनुसार खेले तो आगे बहुत अच्छा कर सकती है।

उन्होंने कहा, मैं काफी संतुष्ट हूं, हालांकि फाइनल में न पहुंच पाने की निराशा भी है। हमारे पास बल्लेबाजी और गेंदबाजी का अच्छा स्तर है। जरूरी बात यह है कि हम परिस्थितियों और विरोधियों के अनुसार अपनी योजनाओं को लागू करें। अगर हम लगातार ऐसा करते रहे, तो यह टीम बहुत आगे तक जा सकती है।

# एक टीम के खिलाफ सर्वाधिक टी20 जीत के मामले में दूसरे पायदान पर पहुंचा भारत



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत ने एशिया कप 2025 में सुपर-4 राउंड के आखिरी मैच में श्रीलंका को सुपर ओवर में हराया। इसी के साथ टीम इंडिया किसी एक टीम के विरुद्ध सर्वाधिक टी20 मुकाबले जीतने के मामले में संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर पहुंच गई।

रोचक बात यह है कि भारत और श्रीलंका के बीच पिछले 2 टी20 मैच टाई रहे हैं, जिन्हें भारत ने सुपर ओवर में जीता।

किसी एक टीम के खिलाफ सर्वाधिक जीत के मामले में पाकिस्तान शीर्ष पर है, जिसने न्यूजीलैंड के विरुद्ध 49 टी20 मुकाबलों में 24 जीत दर्ज की है। वहीं, इंग्लैंड की टीम पाकिस्तान के विरुद्ध 31 टी20 मुकाबलों में 21 मैच जीत चुकी है।

दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने 5 विकेट खोकर 202 रन बनाए। भारतीय टीम 15 के स्कोर पर शुभमन गिल (4) का विकेट गंवा चुकी थी। यहां से कप्तान सूर्यकुमार यादव ने अभिषेक शर्मा के साथ 59 रन की साझेदारी की, जिसने भारत को संभाला।

सूर्या 13 गेंदों में 12 रन बनाकर आउट हुए, जबकि अभिषेक शर्मा ने 31 गेंदों में 2 छक्कों और 8 चौकों की मदद से 61 रन की पारी खेली।

भारतीय टीम 92 के स्कोर तक अपने 3 विकेट गंवा चुकी थी। यहां से तिलक वर्मा ने संजू सैमसन के साथ 66 रन जुटाते हुए टीम को 150 के पार पहुंचाया।

तिलक वर्मा 34 गेंदों में 49 रन बनाकर नाबाद रहे, जबकि सैमसन ने 39 रन की पारी खेली।

विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंकाई टीम ने भी 20 ओवरों के खेल तक 5 विकेट खोकर 202 रन बनाए। पथुम निसांका ने 107 रन की शतकीय पारी खेली, जबकि कुसल परेरा ने 58 रन टीम के खाते में जोड़े। इसके बाद खेल सुपर ओवर तक पहुंचा, जिसमें भारत ने आसान जीत दर्ज कर ली।

# मैच हारा, मगर इतिहास रच गई पथुम निसांका-कुसल परेरा की जोड़ी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत ने एशिया कप 2025 के अंतिम सुपर 4 मुकाबले में श्रीलंका को सुपर ओवर में शिकस्त दी। इस मुकाबले में पथुम निसांका और कुसल परेरा की जोड़ी ने टी20 फॉर्मेट के एशिया कप में सबसे बड़ी साझेदारी का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। इससे पहले यह रिकॉर्ड विराट कोहली और केएल राहुल के नाम था, जिन्होंने 8 सितंबर 2022 को अफगानिस्तान के खिलाफ सुपर-4 मुकाबले में पहले विकेट के लिए 119 रन जोड़े थे। टी20 फॉर्मेट के एशिया कप में 100+ साझेदारी के मामले में तीसरी जोड़ी पाकिस्तान के उमर अकमल और शोएब मलिक की है, जिसने 29 फरवरी 2016 को यूएई के खिलाफ चौथे विकेट के लिए अटूट 114 रन की साझेदारी की थी। दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में शुक्रवार को खेले गए मुकाबले में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट खोकर 202 रन बनाए। टीम इंडिया की ओर से सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने 61 रन की पारी खेली, जबकि तिलक वर्मा ने नाबाद 49 रन बनाए। इसके जवाब में श्रीलंकाई टीम ने भी निर्धारित ओवरों में 5 विकेट खोकर 202 रन बनाए। इस टीम के लिए पथुम निसांका ने 58 गेंदों में 6 छक्कों और 7 चौकों की मदद से 107 रन की पारी खेली, जबकि कुसल परेरा ने 58 रन टीम के खाते में जुटाए।

मैच सुपर ओवर तक पहुंचा, जहां श्रीलंकाई टीम सिर्फ 2 रन बना सकी और भारत ने पहली ही गेंद पर जीत दर्ज की।

अब रविवार को भारत-पाकिस्तान के बीच खिताबी मुकाबला खेला जाना है। टीम इंडिया इस संस्करण में दो बार पाकिस्तान को शिकस्त दे चुकी है। ऐसे में फैंस को उम्मीद है कि फाइनल में भी भारत का पलड़ा भारी रहेगा। भारत-पाकिस्तान के बीच टी20 फॉर्मेट के एशिया कप में पहली बार खिताबी मैच खेला जा रहा है।

# इस खिलाड़ी के मुरीद हुई इरफान पठान, बोले- इसे हमेशा प्लेइंग इलेवन में रखो



पूर्व भारतीय क्रिकेटर इरफान पठान का मानना है कि शुक्रवार को श्रीलंका के खिलाफ सुपर ओवर में शानदार प्रदर्शन के बाद अर्शदीप सिंह एशिया कप फाइनल के लिए टीम में जगह पाने के हकदार हैं। बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने सुपर ओवर में सिर्फ 2 रन देकर 2 विकेट चटकाए। उनकी बदौलत भारतीय टीम ने रोमांचक जीत के साथ टूर्नामेंट में अपना अजेय क्रम जारी रखा।

पठान ने डेथ ओवरों में अर्शदीप की अहमियत पर जोर देते हुए बताया कि वह जसप्रीत बुमराह की तरह लगातार यॉर्कर डाल सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि 26 वर्षीय अर्शदीप दबाव में अच्छी गेंदबाजी करना जानते हैं।

पठान ने भारत के श्रीलंका खिलाफ मैच के बाद कहा, देखो, सबसे पहले तो वो बर्फ की तरह ठंडा है, दोस्त। दबाव में, वो गेंद मांगता है। वो तब गेंदबाजी करता है जब जरूरत होती है और जब भी आखिरी ओवर होता है, वो यॉर्कर डालता है। वो तैयार रहता है। बुमराह के साथ कंधे से कंधा मिलाकर, वो यॉर्कर डालता है। मुझे लगता है कि वो उस स्तर का गेंदबाज है। पठान ने आगे कहा, में पहले दिन से ही कह रहा हूं यह सिर्फ आज की बात नहीं है। उन्हें हमेशा प्लेइंग इलेवन में होना चाहिए, क्योंकि कई बार दोनों तरफ से यॉर्कर की जरूरत पड़ती है। आपने आज खुद देखा, मैच बेहद रोमांचक रहा। लेकिन टीम को लगा कि हमें लंबे बल्लेबाजी क्रम की जरूरत है और अगर आपको लंबे बल्लेबाजी क्रम की जरूरत है, तो शिवम दुबे एक ऑलराउंडर के तौर पर खेलते हैं। अब, अगर वह खेल रहे हैं, तो अर्शदीप को जगह नहीं मिलती। लेकिन मेरी टीम में अर्शदीप हमेशा मौजूद रहेंगे और मैं यह बात पहले दिन से ही कह रहा हूं।

## फाइनल में भिड़ेंगे भारत और पाकिस्तान

एशिया कप के इतिहास में यह पहली बार है जब भारत और पाकिस्तान फाइनल में आमने सामने होंगे। टूर्नामेंट के मौजूदा संस्करण में यह तीसरी बार होगा जब दोनों चिर प्रतिद्वंद्वी टीमें एक-दूसरे से भिड़ेंगी। हालांकि भारतीय टीम ने इन दोनों मैचों में जीत हासिल की और 28 सितंबर को होने वाले फाइनल मैच में भी ऐसा ही करना चाहेगी।

# पांचवीं बार फाइनल खेलेगा पाकिस्तान, जानें कितनी बार बना चैंपियन?

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान ने 25 सितंबर को दुबई अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए सुपर-4 के मैच में बांग्लादेश को हरा दिया। इस जीत के साथ ही पाकिस्तान ने एशिया कप 2025 के फाइनल में जगह बना ली। पाकिस्तान पांचवीं बार एशिया कप के फाइनल में पहुंचा है। वहीं, एशिया कप कप इतिहास का यह पहला मौका है, जब फाइनल भारत और पाकिस्तान के बीच खेला जाएगा।



2014 में भी पाकिस्तान एशिया कप के फाइनल में पहुंची थी। बांग्लादेश में खेले गए 12वें संस्करण में पाकिस्तान को श्रीलंका से हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद पाकिस्तान दुबई में 2022 में खेले गए 15वें संस्करण में फाइनल में पहुंची थी। टी20 फॉर्मेट में खेले गए इस एडिशन में पाकिस्तान को श्रीलंका ने हराया था।

इस तरह पिछले 4 फाइनल में पाकिस्तान 2 बार विजयी रही है, जबकि 2 बार उसे हार का सामना करना पड़ा है। 2 खिताब के साथ पाकिस्तान एशिया कप की तीसरी सफल टीम है। छह बार चैंपियन रही श्रीलंका दूसरी और 8 खिताब के साथ भारत सफलतम टीम है।

1984 से शुरु एशिया कप 2014 तक सिर्फ वनडे फॉर्मेट में खेला गया। 2016 से इसे टी20 फॉर्मेट में भी खेला जाने लगा। मौजूदा संस्करण भी टी20 फॉर्मेट में खेला जा रहा है। आईसीसी विश्व कप के फॉर्मेट को ध्यान में रखते हुए एशिया कप का फॉर्मेट निर्धारित होता है। 2026 में आईसीसी टी20 विश्व कप है। इसलिए 2025 का एशिया कप टी20 फॉर्मेट में खेला जा रहा है। टी20 फॉर्मेट में तीसरी बार एशिया कप खेला जा रहा है।

# क्रिकेटरों की कड़ी मेहनत ने मुझे बचपन में प्रेरित किया - उसैन बोल्ट

**मुंबई, एजेंसी।** ओलंपिक में स्वर्ण पदकों की झड़ी लगाने वाले दुनिया के सबसे तेज धावक उसैन बोल्ट ने खुलासा किया है कि क्रिकेटरों की कड़ी मेहनत ने उन्हें एथलेटिक्स में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए प्रेरित किया है।

जमनाबाई नरसी परिसर में एक फायरसाइड चैट में जमैका के इस धावक ने कहा, मैं बचपन से ही क्रिकेट का बहुत बड़ा प्रशंसक रहा हूं। मैंने बचपन से ही क्रिकेट देखा है। क्रिकेटरों की प्रतिभा को देखना, उनके काम करने का तरीका, खुद को आगे बढ़ाने का तरीका और खुद को ढालने का तरीका, इन सबने मुझे छोटी उम्र में ही कड़ी मेहनत करने और सर्वश्रेष्ठ बनने के लिए प्रेरित किया।

बोल्ट ने कहा, भारत में होना एक अविश्वसनीय अनुभव है। इतने सारे उत्साही प्रशंसकों से मिलना मुझे याद दिलाता है कि खेल क्यों मायने रखते हैं



और क्यों वे दुनिया भर के लोगों को जोड़ते हैं। यहां की ऊर्जा अद्भुत है, और मुझे ड्रीम सेट गो के उस विजन का हिस्सा बनकर खुशी हो रही है, जो विश्वस्तरीय अनुभव प्रदान करता है, जो प्रशंसकों को उनके पसंदीदा खेलों के और भी करीब लाता है। उन्होंने कहा, मेरे लिए, यह कड़ी मेहनत जितना ही सरल है, आप समझ रहे हैं न? इसमें खेल के प्रति कड़ी मेहनत और समर्पण की जरूरत होती है। मुझे ट्रैक एंड फील्ड बहुत पसंद है, इसलिए यह एक ऐसी चीज है, जिसे मैं बचपन से ही पसंद करता रहा हूं और मैंने इस पर बहुत मेहनत की है। यह एक कठिन सफर था, क्योंकि शीर्ष पर पहुंचना कभी आसान नहीं होता। मैं सचमुच दुनिया में सर्वश्रेष्ठ बनना चाहता था। इसलिए मैंने चोटों, शंकाओं और कठिन समय के बावजूद खुद को दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक बनने के लिए प्रेरित किया। एक निजी यात्रा पर मुंबई आए बोल्ट दिल्ली भी आने वाले हैं।

**एशिया कप टी20 :**

# एक एडिशन में 300 रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज बने अभिषेक शर्मा

**दुबई, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा एशिया कप में अपनी तूफानी बल्लेबाजी से न सिर्फ चर्चा में बने हुए हैं, बल्कि हर मैच में नए रिकॉर्ड भी अपने नाम कर रहे हैं। श्रीलंका के खिलाफ सुपर-4 के आखिरी मैच में अभिषेक ने 31 गेंद पर 61 रन की पारी खेलते हुए बड़ी उपलब्धि अपने नाम की।



मौजूदा टूर्नामेंट के 6 मैचों की 6 पारियों में 3 अर्धशतक लगाते हुए अभिषेक ने 309 रन बना लिए हैं। उनका सर्वाधिक स्कोर 75 है। औसत 51.50 और स्ट्राइक रेट 204.63 रहा है। वह एशिया कप के एक टी20 एडिशन में 300 रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज हैं। अभिषेक के पास इस संस्करण में एक मैच और है। उनका प्रदर्शन जिस तरह का है, उसे देखते हुए 309 का आंकड़ा और बढ़ सकता है। मोहम्मद रिजवान ने टी20 एशिया कप 2022 में 6 पारियों में 281 रन बनाए थे। वहीं, विराट कोहली ने 2022 में 5 पारियों में 276 रन बनाए थे। एशिया कप 2025 टी20 फॉर्मेट का तीसरा संस्करण है। पहला संस्करण 2016 में खेला गया था।

अभिषेक टी20 फॉर्मेट में भारत के लिए एक बड़ा वरदान साबित हुए हैं। अपने करियर की शुरुआत से ही बतौर ओपनर उन्होंने बड़ी सफलता हासिल की है। वह पावर प्ले में ही अपनी तूफानी बल्लेबाजी से मैच का पलड़ा भारत की ओर मोड़ देते हैं। अभिषेक ने 23 टी20 मैचों की 22 पारियों में 5 अर्धशतक और 2 शतकों की मदद से 844 रन बनाए हैं। उनका सर्वाधिक स्कोर 135 है, जो अंतर्राष्ट्रीय टी20 में किसी भी भारतीय बल्लेबाज का सर्वोच्च स्कोर है। अभिषेक का स्ट्राइक रेट 197.66 है। वह आईसीसी टी20 रैंकिंग में नंबर एक बल्लेबाज हैं।

# चित्रकूट दीपावली मेला, 10 जोन के 142 एकड़ में पार्किंग; राज्यमंत्री ने अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** भगवान श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट में इस बार होने वाले पांच दिवसीय दीपोत्सव को लेकर जोर-शोर से तैयारियां चल रही हैं। तैयारियों की समीक्षा के लिए राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी और सांसद गणेश सिंह ने मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश के अधिकारियों के साथ बैठक की।





इस दौरान राज्यमंत्री ने कहा कि दोनों राज्यों के अधिकारी आपस में तालमेल बनाकर काम करें ताकि दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी न हो और वे एक अच्छा अनुभव लेकर लौटें।

**142 एकड़ में बनेगी पार्किंग, मेला 10 जोन में बंटेगा:** बैठक में बताया गया कि इस बार मेला क्षेत्र को 10 जोन में बांटा गया है, ताकि व्यवस्था को बेहतर बनाया जा सके। साथ ही, 142 एकड़ क्षेत्र में वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था की जा रही है।

रीवा संभागीय आयुक्त बीएस जामोद ने बताया कि तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है और 15 अक्टूबर तक सभी निर्माण कार्य पूरे कर लिए जाएंगे।

**साधु-संतों से लिए सुझाव:** चित्रकूट के समग्र विकास और दीपोत्सव की बेहतर योजना के लिए साधु-संतों से भी सुझाव लिए गए। उद्यमिता परिसर में हुई बैठक में उन्हें तैयारियों की जानकारी दी गई। राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने भरोसा दिलाया कि स्थानीय नागरिकों और संत समाज के सहयोग से आयोजन को भव्य रूप दिया जाएगा।

**सांसद बोले- बनेगी 100 करोड़ की योजना:** सांसद गणेश सिंह ने कहा कि चित्रकूट के समग्र विकास के लिए ?100 करोड़ की विशेष योजना बनाई गई है, जिसे जल्द ही लागू किया जाएगा।

**दीपदान बनेगा आकर्षण का केंद्र:** संत रामहदय दास ने बताया कि हर वर्ष दीपावली मेले में लगभग 40 से 50 लाख श्रद्धालु चित्रकूट आते हैं और एक करोड़ से ज्यादा दीप जलाकर दीपदान करते हैं। यह आयोजन चित्रकूट की आध्यात्मिक पहचान और गौरव को और बढ़ाता है।

## विधायक पर भाजपा प्रवक्ता का पलटवार, गुंडिज़्मवादी अहंकार में चूर हैं कांग्रेस विधायक : प्रह्लाद कुशवाहा



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** कांग्रेस विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रह्लाद कुशवाहा ने कहा कि जिला बदर लोगों की टोली बनाकर हुड़दंग करना और मर्यादा विहीन शब्दों का इस्तेमाल करना सतना के कांग्रेस विधायक की गुंडिज़्मवादी मानसिकता को उजागर करता है। उन्होंने कहा कि सरकार के वरिष्ठ मंत्री के नसीहत भरे बयान पर राजनीति चमकाने और सतना आने से रोकने जैसी बातें करना उनके सामंतवादी चरित्र का प्रमाण है। कुशवाहा ने चेतावनी दी, सुन लीजिए मिस्टर कांग्रेसी विधायक, देश में लोकतंत्र है, सतना में गुंडिज़्म नहीं चलने दिया जाएगा। प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का दौरा कौवों के कांव-कांव से नहीं रुक सकता, और गुंडिज़्म करने वालों का इलाज कानून करेगा।

भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि कांग्रेस विधायक की इस तरह की बयानबाजी से उनके गुंडिज़्म समर्थक साथी तो प्रसन्न हो सकते हैं, लेकिन जनता सब देख रही है और आगामी चुनाव में उन्हें करारा जवाब मिलेगा। कुशवाहा ने यह भी कहा कि कांग्रेस को अपनी राजनीतिक शैली में बदलाव लाना होगा, अन्यथा जनता उन्हें उनकी असलियत दिखाने का मौका नहीं छोड़ेगी। भाजपा हमेशा कानून और व्यवस्था के साथ खड़ी रहेगी और किसी भी प्रकार के गुंडागर्दी को बर्दाश्त नहीं करेगी।

## 127 वा देहदान का संकल्प, सबसे बड़ा दान देहदान : स्वामी खिम्यादास

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** एक ओर जहां पूरा देश देवी मां की आराधना में लीन है, वहीं दूसरी ओर ऐसे दंपति हैं जो आने वाली पीढ़ी को डॉक्टर बनाने में सहयोग करने के लिए जीवनकाल पश्चात् देहदान का संकल्प ले रहे हैं। जी हां, हम बात कर रहे हैं मारुति नगर निवासी पंचम लाल गुप्ता जी और उनकी धर्मपत्नी शकुंतला गुप्ता की, जिन्होंने महंत स्वामी खिम्यादास जी की प्रेरणा से 26 सितंबर शुक्रवार को जीवनकाल पश्चात् देहदान का संकल्प लिया।

महंत स्वामी खिम्यादास जी ने दंपति द्वारा लिए गए देहदान के संकल्प पर सर्व समाज को प्रेरणा देते हुए कहा कि मृत्यु के बाद भी यदि कोई इंसान दूसरों के काम आए, तो इससे बड़ा दान और कोई नहीं हो सकता। निश्चित ही देहदान से समाज को अच्छे चिकित्सक मिलेंगे, ऐसा मेरा विश्वास है।

इस अवसर पर आश्रम में स्वामी खिम्यादास जी ने डॉक्टर एम एस श्रीवास्तव, डॉ. मुदित जैन, डॉ. संतोष शर्मा, डॉ. नीरज पांडे और डॉक्टर पूजा डुलानी को प्रमाण पत्र दिया।

दंपति के परिवार को भाई प्रह्लाद, अतुल दुबे, मनोहर मोरियानी, गोपीचंद कापड़ी, नमो नारायण, मुकेश अग्रवाल और अनिल जेपी निगम ने साधुवाद दिया। आश्रम के सेवादारी अतुल दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वामी जी ने देहदान की अलख ज्योति जगाने का बीड़ा उठाया है। स्वामी जी के प्रेरणा से अब तक 127 लोगों ने जीवनकाल पश्चात् देहदान का संकल्प लिया है।

## एशिया कप सट्टा रैकेट का भंडाफोड़, सिविल लाइन पुलिस ने छह आरोपियों को 14 मोबाइल और लैपटॉप के साथ किया गिरफ्तार

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** सिविल लाइन थाना पुलिस ने भारत-श्रीलंका एशिया कप क्रिकेट मैच पर ऑनलाइन सट्टा खिलाने वाले छह आरोपियों को गिरफ्तार कर बड़ी कार्रवाई की। पुलिस ने उनके पास से 14 मोबाइल फोन, एक लैपटॉप और सट्टे के लेन-देन का हिसाब रखने वाली एक डायरी जब्त की है।



शनिवार को थाना प्रभारी योगेंद्र सिंह परिहार ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि पतेरी स्थित उमा विला सोसायटी के मकान नंबर 1 में कुछ युवक मोबाइल और लैपटॉप के जरिए अवैध रूप से ऑनलाइन सट्टा चला रहे हैं। इस सूचना पर तत्काल सिविल लाइन थाना और साइबर सेल की टीम ने उमा विला में पुष्पेंद्र द्विवेदी के मकान पर दबिश दी।

मौके पर एक कमरे में छह युवक अलग-अलग कंपनियों के 14 मोबाइल फोन और एक लैपटॉप का उपयोग कर रेड्डी अन्ना गेमिंग एप के माध्यम से सट्टे का संचालन कर रहे थे। सभी आरोपियों को पकड़कर उनके मोबाइलों और लैपटॉप की जांच की गई।

जांच में सामने आया कि आरोपी भारत-श्रीलंका के एशिया कप मैच पर अपने ग्राहकों से रुपए-पैसे की हार-जीत का दांव लगवा रहे थे। साइबर सेल प्रभारी अजीत सिंह और उनकी टीम ने मोबाइल और लैपटॉप की जांच करने पर एप चालू हालत में मिला और सात लाख रुपए से अधिक के ऑनलाइन लेन-देन का रिकॉर्ड पाया गया। पुलिस ने मौके से जब्त किए गए 14 मोबाइल फोन, लैपटॉप और लेखा-जोखा की डायरी की कीमत करीब चार लाख रुपए आंकी है।

गिरफ्तार आरोपियों में झारखंड के धनबाद निवासी सचिन मंडल (25), बंटी कुमार मंडल (19), कुलदीप केसरी (29), बिहार के भोजपुर निवासी नितेश सिंह (20), मधुबनी निवासी संजीव कुमार राम (37) और सतना निवासी पुष्पेंद्र द्विवेदी (31) शामिल हैं। सभी के खिलाफ थाना सिविल लाइन में अपराध क्रमांक 625/25, धारा 4(क) सार्वजनिक जुआ अधिनियम 1976 के तहत मामला दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश किया गया।

## मृतक संत कुमार कुशवाहा के परिजनों की मदद के लिए महापौर ने उठाया कदम



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** सीवर लाइन कार्य के दौरान ग्राम पडुहार निवासी स्व. संत कुमार कुशवाहा की दुखद मृत्यु हो गई। इस घटना के बाद महापौर श्री योगेश ताम्रकार ने संवेदनशीलता दिखाते हुए शासन स्तर पर प्रयास किए, जिससे मृतक के परिजनों को आर्थिक सहायता राशि उपलब्ध कराई गई।

महापौर ने भरोसा दिया कि सरकार के नियमानुसार और अधिक राशि दिलाने के लिए आवश्यक पहल की जाएगी। उल्लेखनीय है कि 30 लाख रुपए आर्थिक सहायता का प्रावधान है। उन्होंने कहा, मैं इस घटना से व्यक्तिगत रूप से बेहद दुःखी हूं।

आज नगर निगम के वरिष्ठ पार्षदों के साथ हुई बैठक में महापौर ताम्रकार ने निर्णय लिया कि मृतक मजदूर की पत्नी को नौकरी दिलाने का प्रयास किया जाएगा, ताकि परिवार के भरण-पोषण में कोई कठिनाई न हो। बैठक में पुष्पराज कुशवाहा, गंगा कुशवाहा, राजेंद्र कुशवाहा एवं अन्य वरिष्ठ जन उपस्थित रहे। सभी ने महापौर के इस कदम की सराहना की और मृतक के परिवार को हर संभव सहायता देने का आश्वासन दिया।

## घायल आरक्षक को देखने पहुंचे एसपी, 3 नामजद समेत अन्य के खिलाफ प्रकरण दर्ज

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का पुतला फूंकने के दौरान शुक्रवार की देर शाम पुलिस एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच हुई झड़प में आरक्षक रावेंद्र मिश्रा घायल हो गए। उन्हें जिला अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है। देर रात एसपी हंसराज सिंह आरक्षक को देखने जिला अस्पताल पहुंचे।



उनके साथ सीएसपी एवं कोतवाली टीआई भी मौजूद रहे। एसपी ने आरक्षक के इलाज के बारे में आरएमओ डॉ शरद दुबे से जानकारी ली। इस दौरान बताया गया कि आरक्षक के दाएं हाथ की कलाई में माइनर फ्रैक्चर के अलावा चेस्ट एवं सिर पर चोट आई है।

**प्रदेश सचिव सहित अन्य लोगों पर मामला दर्ज:** फिलहाल आरक्षक का इलाज चल रहा है। उधर, इस पूरे मामले में पुलिस ने सख्त एक्शन लेते हुए देर रात 3 नामजद युवक कांग्रेस के प्रदेश सचिव विक्रांत त्रिपाठी विक्की, अंकित गुप्ता, राहुल सोनी समेत अन्य लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 132, 121, 121 (2), 115 (2), 3, 5 के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

## दुकान से घर लौट रहे युवक पर हमला, 3 लोगों ने रोका रास्ता; सिर और पैर में मारे डंडे

**मीडिया ऑडीटर, मैहर (निप्र)।** थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक पर तीन लोगों ने हमला कर दिया। इस हमले में युवक के सिर और पैर में गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।



पीड़ित दीपक तिवारी (33 वर्ष), जो देवीजी आरकंडी, वार्ड क्रमांक 01 के निवासी हैं और वर्तमान में हनुमान टोला में रहते हैं, ने पुलिस को बताया कि वह बीती रात करीब 12 बजे देवीजी रोड स्थित प्रसाद की दुकान से अपने घर लौट रहे थे।

इसी दौरान रास्ते में नीतेश गुप्ता, प्रदीप बेल्दार और धर्मेन्द्र मिश्रा मिले। शिकायत के अनुसार, आरोपियों ने पुरानी रंजिश को लेकर गाली-गलौज की। जब दीपक ने इसका विरोध किया, तो प्रदीप बेल्दार ने उसके सिर पर डंडे से वार किया, जिससे खून बहने लगा। नीतेश गुप्ता ने दीपक के पैर पर डंडा मारा, जबकि धर्मेन्द्र मिश्रा ने उसकी पीठ और गाल पर मुक्कों से हमला किया।

घटना के समय समीर खान और अभय पटेल मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कर घायल दीपक को सिविल अस्पताल, मैहर पहुंचाया। अस्पताल में पीड़ित का मेडिकल परीक्षण कराया गया।

दीपक ने आरोप लगाया है कि हमलावरों ने जाते-जाते उसे जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद उसने डायल-112 पर पुलिस को सूचना दी और फिर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है और आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

## सदगुरु नवरात्रि उत्सव डांडिया-गरवा में दिखी अनेकता में एकता और एक भारत श्रेष्ठ भारत की झलक



**मीडिया ऑडीटर, चित्रकूट (निप्र)।** धर्मनगरी चित्रकूट में एक बार फिर से नवरात्रि में धूम देखने को मिल रही है। प्रतिदिन माँ दुर्गा के मंदिरों में भक्तों की पूजन-अर्चन और दर्शन की भीड़ जुट रही है, वहीं दूसरी ओर देवी पंडालों में डांडिया और गरबा नृत्य महोत्सव की भी काफी धूम मची है। इस महोत्सव में सैकड़ों बालक, बालिकाएं, पुरुष और महिलाएं देश के अलग-अलग प्रांतों से टोली बनाकर डांडिया और गरबा नृत्य कर रहे हैं।

इस नृत्य में लगभग 15 टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। दुर्गा अष्टमी पर सद्गुरु सेवा ट्रस्ट चित्रकूट के परिसर में एक भारत - श्रेष्ठ भारत और अनेकता में एकता की झलक देखने को मिली। यहां जाति, पाति, ऊंच-नीच, धर्म आदि का कोई भेदभाव नहीं है; सभी मिलजुलकर इस उत्सव में भाग लेते हैं।

इस भव्य गरबा महोत्सव में बुंदेलखंडी और देशभक्ति नृत्य के साथ गुजरात का डांडिया और गरबा नृत्य देखने को मिला। इस आयोजन को देखने के लिए उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के सीमावर्ती जिलों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं। सदगुरु शिक्षा समिति की अध्यक्षा उषा बी जैन ने बताया कि चित्रकूट ग्रामीण अंचल में समय-समय पर उत्सव होते रहने चाहिए, जिससे लोगों में एकता और स्नेह की भावना बनी रहती है। उन्होंने कहा कि लगभग 30-35 वर्षों से ट्रस्ट में नवरात्रि के दिनों में 9 दिन ये डांडिया कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

# देवी प्रतिमाओं के पंडालों में श्रद्धाभक्ति की धूम

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** देवी प्रतिमाओं के पंडालों में भजन कीर्तन, रामायण पाठ और देवी जागरण के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। धवारी चौराहे पर 27 सितम्बर को रात्रि आठ बजे से देवी जागरण होगा, जबकि रेलवे कॉलोनी अंडरब्रिज के समीप 29 सितम्बर को देवी जागरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया है।



**लक्ष्मण-परशुराम संवाद का मंचन:** मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग द्वारा भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद् नई दिल्ली एवं जिला प्रशासन सतना के सहयोग से 24 से 30 सितम्बर 2025 तक प्रतिदिन सायं 7 बजे से अंतर्राष्ट्रीय श्रीरामलीला उत्सव का आयोजन श्रीराघव प्रयाग घाट, चित्रकूट में किया जा रहा है। गुरुवार को श्रीरामजन्म, विद्या अभ्यास, ताड़का वध, अहल्या उद्धार, पुष्प वाटिका, सीता स्वयंवर और लक्ष्मण-परशुराम संवाद प्रसंगों का मंचन किया गया।

इस दौरान यज्ञ में राक्षसों द्वारा डाली जा रही बाधाओं का जिक्र किया गया। विश्वामित्र ने श्रीराम और लक्ष्मण को वन ले जाने की अनुमति मांगी, जिसे राजा दशरथ ने धर्म का पालन करते हुए अनुमति दे दी। वन में विश्वामित्र के निर्देश पर श्री राम ने एक ही बाण से राक्षसी ताड़का का वध किया। इसके बाद मारीच और सुबाहु ने श्री राम से युद्ध किया, और श्री राम ने उन दोनों का भी वध कर दिया।

**आधा दर्जन गुण्डों पर कार्रवाई:** त्योहार को दृष्टिगत रखते हुए कोलगवां पुलिस द्वारा आधा दर्जन से अधिक गुण्डा/निगरानी बदमाशों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की गई। विशेष अभियान के तहत 26.09.2025 को कोलगवां पुलिस ने सघन चैकिंग करते हुए कुल 11 बदमाशों को चैक किया और 07 सक्रिय गुण्डा/निगरानी बदमाशों के विरुद्ध धारा 170/126(2) 151 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई की। इन आरोपियों को एसडीएम न्यायालय में पेश कर बाउंड ओवर कराया गया।

गुण्डों में अमन साकेत, रवी वंशकार, आशीष गंगवानी उर्फ आशिक, दिनेश यादव, आकाश गंधेजा, संजय चांदवानी और गुलशन रावत शामिल हैं।

## बदखर इलाके में ठगी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** नकली मोबाइल फोन बेचने के नाम पर ठगी करने वाले दो आरोपियों को कोलगवां पुलिस ने गिरफ्तार किया है। यह घटना थाना क्षेत्र के बदखर इलाके के गहरवार पेट्रोल पंप के पास हुई।

**पुलिस ने मामले में दो आरोपियों को पकड़ा है:** देवा जादव, पिता जन्मतारा, उम्र 23 वर्ष, निवासी जिला खंडवा, और रोशन जादव, पिता हीरालाल जादव, उम्र 19 वर्ष, निवासी महाराष्ट्र जलगांव। पुलिस ने दोनों आरोपियों के पास से मोटरसाइकिल भी जब्त की है। टीआई सुदीप सोनी की अगुआई में पुलिस टीम को यह बड़ी सफलता मिली है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों को पुलिस द्वारा न्यायालय में पेश किया जाएगा।

## उलझनों से गुंथी हुई है भू अर्जन की प्रक्रिया

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** राजनीतिज्ञों को वोट दिख रहा है, पर किसानों की जमीन नहीं दिख रही है। देश भर में विकास कार्य चल रहे हैं, जिसके कारण भूमि की आवश्यकता स्वाभाविक है। लेकिन भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया उलझनों के कुचक्र में टिमटिमा रही है, जिसके कारण किसान, जो अन्नदाता हैं, तनाव में हैं।

भू अधिग्रहण का कार्य स्पष्ट होना चाहिए कि किसकी कितनी जमीन ली गई और उसे कितना मुआवजा दिया गया। लेकिन यहां ऐसे पेंच फंसा दिए गए हैं कि लोगों को इसके लिए चक्कर काटने पड़ रहे हैं। जनसुनवाई का कोई ऐसा दिन नहीं होगा जब भू अर्जन की शिकायत न आई हो। जब लोगों को कई चक्कर लगवाए जाते हैं, तो उन्हें लगता है कि यदि इतना परिश्रम किसी नौकरी में किया होता, तो अर्जन के बराबर राशि मिल जाती। समस्या अब पर्यटन बन गई है, और संबंधित विभाग निराशा उत्पन्न कर रहे हैं।

भू अर्जन विभाग पर लोगों की भृकुटी तनी रहती है। दस्तावेज और आवेदन भटकते रहते हैं, लेकिन कुछ नहीं हो रहा। भू अधिग्रहण इस तरह किया जाता है कि सभी को पूरी जमीन का पूरा पैसा नहीं मिलता।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया प्रकाशन रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय प्रभात बिहार कॉलोनी सतना से प्रकाशित, संपादक संदीप द्विवेदी आर.एन.आई नं.एमपीएचआईएन/2021/81683
प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9407132714, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार, सभी विवादो का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।